धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

30.03.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 254

हिन्दू नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



# अगर जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो कैसे वोट मांगेंगे : के राजू

## कांग्रेस के मंथन कार्यक्रम में प्रदेशा प्रभारी कांग्रेसियों को दिया जनता से जुड़ने का मंत्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत मंथन के चौथा दिन विभिन्न नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू उपस्थित थे, जबकि बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि जनता के मुद्दों पर कांग्रेस का हमेशा फोकस रहता है। झारखंड में आने के बाद मैंने महसूस किया कि हर जिले में विस्थापन, जमीन, पलायन की समस्याएं बहुत ज्यादा है। पुनर्वास संबंधी कानून 2013 में कांग्रेस द्वारा लाया गया। राज्य में कांग्रेस को इन समस्याओं का समाधान करने की दिशा में पहल करना होगा। अगर जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो हम क्षेत्र में जाकर जनता से किस आधार पर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए कह सकते हैं। जनमुद्दों पर प्रत्येक माह प्रदेश कांग्रेस को बैठक आयोजित करनी होगी, समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा कर उसका निदान करना होगा।

**...तभी जनता हमारे साथ जुड़ेगी :** उन्होंने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों को इसमें शामिल कर समस्याओं के निदान के लिए किए गए प्रयासों का मूल्यांकन करना पड़ेगा तभी जनता हमारे साथ जुड़ेगी। विगत 40 वर्षों से मैं इस क्षेत्र से जुड़ा हुआ हूं, विभिन्न राज्यों में काम करने का अवसर मिला है। जन मुद्दों के समाधान के लिए किस तरह मेकैनिज्म तैयार करना है। यह हमें अच्छी तरह पता है लेकिन उसके लिए ईमानदारी से पहल करनी होगी। प्रदेश कांग्रेस का प्रदर्शन इससे आंका जाएगा कि कितने समस्याओं को चिन्हित कर उनका समाधान किया गया। गठबंधन सरकार में होने के बावजूद हमें जनमुद्दों को लेकर संघर्ष के लिए तत्पर रहना होगा। एसटी एससी ओबीसी अल्पसंख्यक समुदाय के मूल समस्याओं को चिन्हित करना होगा और उसके निदान का रास्ता तलाशना होगा।

**इन्होंने भी किया मंथन को संबोधित :** बैठक में विभिन्न समाज के समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए ज्यां द्रेज, रतन तिर्की,दयामणि बारला, बलराम,एलीना होरो,आलोका कुजूर,देवला मुर्मू,रेशमा बेगम, गणेश रवि,पिंटू डे,पीसी गोस्वामी,नेल्सन टोपनो डॉ एम एम पांडा, प्रियाशीला बेसरा, युसूफ दास,फादर टॉम, बिशप सिमोन,डॉ राकेश पॉल,राजवीर पीटर, ललन अंबेडकर, चंद्रशेखर दास,मनोज पासवान, पुनाराम ,भोगी पासवान, गोपाल दास, अखिलेश यादव ,राजेश गुप्ता, सुनील जायसवाल ने संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव, सुबोध कांत सहाय, बंधु तिर्की, राजेश ठाकुर, सतीश पॉल मुजनी, अभिलाष साहू, अमूल्य नीरज खलखो, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, केदार पासवान और गजेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### संगठन सृजन का यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है : कमलेश

वहीं, मंथन परिचर्चा की शुरूआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित विभिन्न नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों को बैठक के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। श्री कमलेश ने कहा की संगठन सृजन का यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम अपनी उपलब्धियों को लोगों तक नहीं ले जा पाते हैं। संगठन सृजन के साथ-साथ हमें जनता के बीच पहुंचकर अपनी उपलब्धियों को बताना होगा। हमारे किए गए कार्यों का भाजपा श्रेय लेने की कोशिश करती है। स्वयं सहायता समूह की परिकल्पना कांग्रेस ने की थी और उसे धरातल पर उतारा जिससे देश भर में लाखों महिलाएं आज आर्थिक रूप से लाभान्वित है।

## मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं को मिलेगा स्वावलंबन

### राज्य की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की सरकार की पहल

**विशेष संवाददाता**

**राची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का झारखंड के विकास के लिए किया जा रहा अह प्रयास रंग लाने लगा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत राज्य की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की पहल शुरू कर दी गयी है। राज्य की महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल शुरू कर दी गयी है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में मंईयां सम्मान से मंईयां स्वावलंबन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्हें महिलाओं को मिलने वाली सम्मान राशि का सही उपयोग कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के टिप्स दिये जायेंगे।

**मुगीर्पालन और डेयरी से आर्थिक मजबूती :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से गांवों में बैठक कर महिलाओं को मुगीर्पालन, अंडा उत्पादन और डेयरी व्यवसाय की ओर प्रोत्साहित किया जायेगा। सखी मंडल समूह, सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) और ग्राम संगठन को मिलकर ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है, ताकि सम्मान राशि का उपयोग महिलाओं के रोजगार एवं आर्थिक मजबूती के लिए हो सके। डीसी के स्तर पर विभिन्न जिलों के जिला पशुपालन पदाधिकारी और गव्य विकास पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया है कि वे इस दिशा में लाभुकों को प्रशिक्षित करें और उन्हें सहायता प्रदान करें। इस योजना से न केवल महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि किशोरियों के पोषण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## डोरंडा के पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर को पांच साल की सजा, 30 हजार जुर्माना

**रांची।** डोरंडा कोषागार के पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर पवन कुमार केडिया को भ्रष्टाचार के आरोप में विजिलेंस की विशेष अदालत ने 5 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अगर पवन कुमार केडिया जुर्माना की राशि नहीं देते हैं, तो उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**क्या है मामला :** पवन कुमार केडिया पर आरोप था कि उन्होंने डोरंडा कोषागार में बिल पास करने के एवज में 30 हजार रुपये की मांग की थी। विजिलेंस की टीम ने सत्यापन कर पवन कुमार केडिया को 29 मई 2013 को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के दौरान विजिलेंस ने 9 गवाह पेश किए थे।


**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**आम सूचना**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1063 (ई). दिनांक 05 मार्च 2024 और एनएच शुल्क नियम 2008 के नियम 3 के प्रावधानों के अनुपालन मे, वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए उपयोगकर्ता शुल्क की निम्नलिखित दरें 01.04.2025 से सुबह 00:00:00 बजे से प्रभावी होंगी। एनएच–139 (पुराना एनएच–98) के हरिहरगंज से शिलदाग (परवा मोड़ के पास) राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के उपयोग के लिए, पलामू जिले (झारखंड) में खंड के डिजाइन कि०मी० 32.750 पर स्थित कौवाखोह (हरिहरनाथ) शुल्क प्लाजा पर।

| वाहनों का प्रकार | एकल यात्रा के लिए शुल्क | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा के लिए शुल्क | शुल्क प्लाजा के जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा हेतु शुल्क | एक महीने में 50 एकल यात्राओं के लिए मासिक पास शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्का मोटर वाहन | 45 | 65 | 20 | 1500 |
| हल्का वाणिज्यिक वाहन, हल्का माल वाहन या मिनी बस | 75 | 110 | 35 | 2420 |
| बस या ट्रक (दो एक्सल) | 150 | 230 | 75 | 5070 |
| वाणिज्यिक वाहन (तीन एक्सल) | 165 | 250 | 85 | 5530 |
| एचसीएम या ईएमई या एमएवी (चार से छह एक्सल) | 240 | 360 | 120 | 7950 |
| बड़े आकार के वाहन (7 या अधिक एक्सल) | 290 | 435 | 145 | 9680 |

शुल्क दरें वित्तीय वर्ष 2025–26 लागू
नोट: वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए शुल्क प्लाजा से 20 कि.मी. तक की दूरी के भीतर रहने वाले स्थानीय गैर–वाणिज्यिक वाहनों के लिए मासिक पास शुल्क 350.00 रूपये होगी। कॉलम 6 में उल्लिखित शुल्क दर एकल यात्रा के लिए है और यह उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों (राष्ट्रीय परमिट के तहत चलने वाले वाहनों को छोड़कर) के लिए लागू है, जहां शुल्क प्लाजा स्थित है।

परियोजना निदेशक, भा.रा.रा.प्रा., प.का.ई., डाल्टनगंज

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी



**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**सार्वजनिक सूचना**

**नगवां टोल प्लाजा पर 01.04.2025 से प्रारम्भ उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) की सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग–33 के किमी 0.000 से किमी 40.500 (बरही से हजारीबाग खंड) निर्मित खंड के उपयोग के लिए नगवां टोल प्लाजा (चैनेज किमी 30.400, ग्राम – नगवां, जिला–हजारीबाग) पर उपयोगकर्ता शुल्क दिनांक 01.04.2025 (00:00 बजे) से निम्न दरों पर प्रारम्भ होने जा रहा है।

| वाहनों की श्रेणी | एकल यात्रा (रू०) | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा (रू०) | मासिक पास का शुल्क एक माह में 50 एकल यात्रा (रू०) | शुल्क के जिले के भीतर पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा शुल्क (रू०) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 75 | 110 | 2445 | 35 |
| हल्के वाणिज्यिक यान, हल्के माल वाहन यान या मिनी बस | 120 | 180 | 3950 | 60 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 250 | 370 | 8275 | 125 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक यान | 270 | 405 | 9025 | 135 |
| भारी संन्निर्माण मशीनरी, अर्थ मूविंग उपस्कर और बहुधुरीय यान (4 से 6 धुरी) | 390 | 585 | 12975 | 195 |
| अधिक बड़े आकार वाले यान (सात अथवा इससे अधिक धुरी) | 475 | 710 | 15800 | 235 |

टोल प्लाजा के 20 किमी. के दायरे में रहने वाले लोगों के स्थानीय गैर–व्यावसायिक वाहनों के मासिक पास की दर 350/–रु. होगी।

परियोजना निदेशक,
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, कनहरी हील रोड, हजारीबाग, झारखण्ड–825301
टेलीफोन नं०: 065446–270040
ईमेल : piuhazaribagh@nhai.org/nhaipiuhazaribagh@gmail.com

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी


## वन विभाग के सचिव और हजारीबाग डीसी को एसटी कमीशन का नोटिस, 15 दिनों में मांगा जवाब

### ससमय जवाब नहीं देने पर समन जारी करने की चेतावनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनटीपीसी के पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना में वनाधिकार अधिनयम के तहत हुई गड़बड़ी को अनुसूचित जनजाति आयोग (एसटी कमीशन) ने गंभीरता से लिया है। इस मसले पर आयोग ने वन एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी और हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस एसटी कमीशन के क्षेत्रीय कार्यालय के अनुसंधान पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास ने जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पंद्रह दिनों के अंदर जवाब दें। समय से जवाब नहीं देने पर समन जारी करने की चेतावनी भी दिया गया है।

**क्या है मामला :** यह मामला हजारीबाग जिले के एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह (उत्तर प\>म) कोल परियोजना में गड़बड़ी से सम्बंधित है। शिकायतकर्ता मंटू सोनी ने आयोग से लिखित शिकायत की है कि पंकरी बरवाडीह (उत्तर-प\>म) कोल परियोजना में फॉरेस्ट क्लीयरेंस लेने के लिए वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत की गई प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी हुई है। आयोग ने उनकी शिकायतों की जांच के बाद ही वन विभाग के सचिव और डीसी हजारीबाग को नोटिस जारी किया है।

**वन विभाग ने जांचा–परखा नहीं :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव में एनटीपीसी के पंकरी बरवाडीह (उत्तर-प\>म) कोल परियोजना के लिए वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत दो बार प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। पहली बार वर्ष 2018 में परियोजना अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। आरोप है कि ग्राम सभा वन अधिकार अधिनियम के मार्ग निर्देशिका के तहत नहीं किया गया। उसके नाम पर महज खानापूर्ति करते हुए गलत दस्तावेज तैयार किया गया और जिला प्रशासन ने प्रमाण पत्र भी निर्गत कर दिया। अब पुनः वर्ष 2023 में उसी परियोजना के लिए ग्राम सभा की प्रक्रिया दुबारा की गई और वर्ष 2024 में जिला प्रशासन ने दोबारा वन अधिकार अधिनियम के तहत प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया। जिसे वन विभाग ने पूर्व में हुए ग्राम सभा और दोबारा हुआ ग्रामसभा में गड़बड़ियों को बिना छानबीन किए राज्य सरकार के माध्यम से भारत सरकार को भेज दिया।

### एनजीटी के नाम भेजी थी गलत रिपोर्ट

हजारीबाग के प\>मी वन प्रमंडल पदाधिकारी मोहन प्रकाश ने उक्त आरोप के संबंध में जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश प्राप्त हुआ तो मोहन प्रकाश ने एनजीटी में वर्ष 2016 में दायर हुई एक अपील का हवाला देते हुए अपने वरीय अधिकारी वन संरक्षक हजारीबाग को यह रिपोर्ट भेज दिया कि उक्त मामले को लेकर एनजीटी ने मामला निरस्त कर दिया था। डीएफओ मोहन प्रकाश पर यह आरोप है कि उनके द्वारा कर्तव्य हीनता, भ्रष्ट आचरण एवं आरोपियों को सहयोग करने के लिए अपने वरीय अधिकारियों को गलत एवं एनजीटी के नाम पर झूठा रिपोर्ट भेजा गया है।

### पत्र का जवाब नहीं दे रहीं डीसी

हजारीबाग जिले के बड़कागांव में एनटीपीसी के पंकरी बरवाडीह (उत्तर-प\>म) कोल परियोजना के लिए वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत हुई ग्रामसभा की शिकायत केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री एवं मुख्य सचिव झारखंड सरकार से मंटू सोनी द्वारा किए जाने के बाद झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा के कार्यालय से हजारीबाग उपायुक्त को तीन बार पत्र लिखकर उक्त मामले में रिपोर्ट की मांग की गई थी। परंतु हजारीबाग डीसी द्वारा अब तक इससे संबंधित एक भी रिपोर्ट नहीं भेजी गयी है।

## खबर एक नजर में

### हेमंत सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं है युवाओं को नौकरी देना : बाबूलाल

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर रोजगार को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी देना हेमंत सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं है। उन्होंने आरोप लगया कि पिछले दरवाजे से एजेंसियों के माध्यम से बाहरी लोगों को नौकरी पर रखा जा रहा है। झामुमो के नेता तो आदिवासी युवाओं से अनुबंध के चतुर्थ वर्गीय नौकरी के लिए भी पैसे की उगाही कर रहे हैं। इस सरकार का पूरा तंत्र ही युवाओं के शोषण में लगा हुआ है। बाबूलाल ने कहा है कि सरकार ने जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, अध्यक्ष को सारी सुविधाएं भी मिलनी शुरू हो गयी होंगी, उन्होंने कहा कि जब तक हर नियुक्ति में मुख्यमंत्री अपना हिस्सा तय नहीं कर लेते, तब तक न परीक्षा कैलेंडर निकाली जायेगी, न भर्ती परीक्षा होगी और न ही कोई रिजल्ट प्रकाशित होगा। उन्होंने सीएम से कहा कि गरीब और आदिवासी युवाओं के लिए मुर्गी, अंडा, सुअर बेचने वाला सुझाव फिर से दोहरा दीजिए, ताकि युवा जेपीएससी, जेएसएससी परीक्षा के इंतजार में अपना समय बर्बाद करना छोड़ दें।

### प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली का अवैध व्यापार करने वालों पर नकेल : मंत्री शिल्पी

रांची। झारखंड सहित देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विदेशी कैटफिश और कलेरियस वगेरिपिनस (थाई मांगुर) के हाइब्रिड प्रजनन और पालन पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद प\>म बंगाल से झारखंड के कुछ जिले रामगढ़, गिरिडीह और धनबाद में अवैध व्यापार की सूचना मिली है। संबंधित जिलों के मत्स्य पदाधिकारियों ने उसे नष्ट करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की है। इस बात की जानकारी कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दी।

**एनजीटी के आदेश के तहत इस पर लगाया गया है प्रतिबंध :** एनजीटी के आदेश के अनुसार, विदेशी कैटफिश कलेरियस गेरिपिनस (थाई मांगुर) और इसके हाइब्रिड के अनधिकृत पालन और प्रजनन से जल संसाधनों, स्थानीय मछली प्रजातियों, प्राकृतिक जैव विविधता और स्थानीय मछुआरों के लिए खतरा पैदा होती है। इसी के तहत झारखंड में भी थाई मांगुर और इसके हाइब्रिड का पालन और प्रजनन प्रतिबंधित है। यदि इसके अनधिकृत पालन, प्रजनन, और व्यापार की सूचना मिलती है, तो जिला मत्स्य पदाधिकारियों द्वारा संबंधित स्टॉक को नष्ट करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

### लोजपा (आर) में महिलाओं को मिली नयी जिम्मेदारी

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) झारखंड प्रदेश महिला प्रकोष्ठ और खेल-संस्कृति प्रकोष्ठ ने शनिवार को रांची जिला में विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा राय एवं खेल-संस्कृति प्रकोष्ठ की महिला प्रदेश अध्यक्ष ममता रंजन के आदेशानुसार किया गया। रांची जिला लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी और महासचिव संदीप कुमार की देखरेख में झारखंड प्रदेश और रांची जिला में विभिन्न महिला और पुरुष पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। कहा गया कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) झारखंड में यह नई नियुक्तियां संगठन को और सशक्त बनाएंगी तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देंगी।

**इन्हें मिली नयी जिम्मेदारी :** इसमें चांदनी देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, संगम देवी, रेखा कुमारी, लक्ष्मी देवी, गीता देवी, संगीता देवी, सुनीता शर्मा, प्रीति देवी, खुशबू देवी को नई जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा मनीषा देवी को झारखंड प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष व लक्ष्मी देवी को रांची जिला खेल-संस्कृति प्रकोष्ठ की पदाधिकारी बनाया गया। वहीं प्रतिज्ञा कुमार सिंह, सचिन रवि, रंजन कुमार रांची जिला लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के रातु प्रखंड अध्यक्ष बने।

## विधि व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द, डीजीपी ने जारी किया आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरहुल और राम नवमी जैसे त्योहारों में विधि व्यवस्था को लेकर झारखंड के पुलिसकर्मियों की छुप्ती रद्द कर दी गयी है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों की छुप्ती को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। विशेष परिस्थितियों में, संबंधित एसपी, कमांडेंट, डीआईजी और आईजी अपनी सोच-विचार के बाद ही अवकाश देंगे।



**माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश :** डीजीपी ने ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बुधवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने यह निर्देश दिये थे। इस बैठक में जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, और जिले के एसएसपी तथा एसपी शामिल हुए थे।

**डीजीपी का सभी जिलों निर्देश :** डीजीपी ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी अधिकारियों को कई निर्देश दिये हैं। असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर निगरानी रखें और उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करें। जुलूस के मार्गों का भौतिक सत्यापन करें। धार्मिक स्थलों और जुलूस की ड्रोन से मॉनिटरिंग करें। जिन जिलों में पहले सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतें। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखें और किसी भी अफवाह के फैलने पर तुरंत उसका सत्यापन करें, साथ ही आवश्यक कार्रवाई करें।

### बंदी में केवल हम लोगों पर ही केस दर्ज क्यों : देवेंद्रनाथ महतो

रांची। टाईगर अनिल महतो हत्याकांड मामला थम नहीं रहा है। हत्याकांड के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने झारखंड बंदी करवाया। नवेली राजनीतिक पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ता भी बंदी को लेकर सड़क पर उतरे। इस मामले में पुलिस प्रशासन ने देवेंद्र नाथ महतो सहित चार पर नाम जद केस दर्ज किया गया है। इस पर देवेंद्र नाथ महतो ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रांची पुलिस प्रशासन पूर्वाग्रह से ग्रसित होते हुए केवल एक तरफा टारगेटेड करते हुए हम लोगों पर करवाई किया जा रहा है। हमारे साथियों को कानूनी भय दिखाया जा रहा है। बंदी में अन्य राजनीतिक दल भी सड़क पर थे लेकिन उन्हें संरक्षण देते हुए केवल एक तरफा हमारे लोगों को चिन्हित किया गया। श्री महतो ने शनिवार को मीडिया को बताया कि पुलिस प्रशासन ने हमारे न्यायिक आंदोलन को तोड़ने का कोशिश किया है।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
सेल SAIL
बोकारो स्टील प्लांट
बोकारो स्टील सिटी-827001, झारखण्ड, भारत

**सूचना**

सेल/बोकारो इस्पात सयंत्र द्वारा आवंटित व्यवसायिक प्लॉटों एवं लाइसेंस दुकानों (NH / LCS SHOP) के Nature of Trade को Non-Restricted Trade से Restricted Trade में परिवर्तन करने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नई पॉलिसी लागू की गयी है।

इस संबंध में प्लॉट एवं लाइसेंस दुकान (NH/ LCS SHOP) धारियों को दिनांक 06.02.2025, 14.02.2025, 19.02.2025 एवं अन्य तिथियों को TA-LRA विभाग द्वारा नोटिस निर्गत किया गया है, जिसकी समय सीमा नोटिस निर्गत तिथि से 02 माह प्रदान की गयी है। इस समय सीमा के भीतर आवेदन पत्र के साथ-साथ निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य है। यदि निर्धारित समय के भीतर आवेदन नहीं किया जाता है तो प्लॉट एवं लाइसेंस दुकान (NH / LCS SHOP) धारियों को निर्धारित शुल्क के साथ विलंब शुल्क की भी अदायी करनी होगी।

आदेशानुसार
नगर प्रशासन विभाग

पंजीकृत कार्यालय: इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L27109DL1973GO1006454, वेबसाइट: www.sail.co.in

हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल


## सरकार ने रोका झारखंड के 100 स्कूलों का अनुदान

### शिक्षा मंत्री के स्कूल को भी नहीं मिली अनुदान की राशि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकार ने राज्य के करीब 100 उच्च विद्यालयों का अनुदान रोक दिया है। ये वैसे स्कूल हैं, जिन्हें झारखंड सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त थी और इन्हें विगत 15 वर्षों से अनुदान की राशि मिलते आ रहा था। अनुदान अचानक रोक दिए जाने से इन स्कूलों के शिक्षकों व कर्मचारियों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।



**अनुदान प्रक्रिया पर उठे सवाल**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी सरकार ने इन विद्यालयों से अनुदान के लिए आवेदन मांगे थे। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) ने स्थलीय जांच कर अपनी अनुशंसा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेज दी थी। बावजूद इसके, इन स्कूलों की अनुदान राशि जारी नहीं की गयी। झारखंड राज्य वित्त रहित शैक्षणिक संस्थान अनुदान अधिनियम 2004 और संशोधित नियमावली 2015 के अनुसार, राज्य सरकार से स्वीकृत संस्थानों को अनुदान देने का प्रावधान है। ऐसे में, बिना स्पष्ट कारण बताए अनुदान रोक देने से सरकार की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई विद्यालयों में शासी निकाय का गठन न होने को आधार बनाकर अनुदान रोका गया है, जबकि यह जिम्मेदारी जैक (झारखंड एकेडमिक काउंसिल) की है, जो हर तीन साल पर शासी निकाय का गठन करता है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब जैक ने शासी निकाय नहीं बनाया, तो इसकी सजा स्कूलों को क्यों दी जा रही है?

**मंत्री के स्कूल को भी नहीं मिला अनुदान**

यह बात सामने आई है कि जमेशेदपुर के स्वर्गीय निर्मल महतो उच्च विद्यालय, घोड़ाबांधा को भी अनुदान से वंचित कर दिया गया है। यह स्कूल राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से जुड़ा है। इस कारण इसकी चर्चा जोरों पर है कि यह निर्णय केवल प्रशासनिक गलती है या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश।

### मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार शनिवार को सुबह 10 : 30 बजे से व्यवहार न्यायालयर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।इसके लिये 8 बैंच का गठन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 106 वादों का निष्पादन किया गया एवं 4,50,000/- (चार लाख पचास हजार) रूपयों का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया। ज्ञात हो कि मासिक लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पूर्व से ही वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा था ताकि अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
30.03.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 254







## न्यूज डायरी

### चैत्र नवरात्र आज से सुख समृद्धि की कामना

**रांची।** चैत्र नवरात्र रविवार से शुरू होगा और छह अप्रैल तक चलेगा। इस बार पांच विशेष योग बनने और माता की सवारी हाथी होने के चलते इस बार की सुख समृद्धि से पूर्ण होगी। पंडित श्री भगवान मिश्र ने बताया कि इस बार नवरात्रि में सर्वार्थ सिद्ध, ऐंद्र, बुद्ध आदित्य, शुक्र आदित्य, लक्ष्मी नारायण योग बनने से नवरात्रि विशेष फलदायक होगी। चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है, जो हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय केवल 8 दिन की होगी।

### राष्ट्रपति ने दी नववर्ष व अन्य पर्वों की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को चैत्र शुक्लादि, उगाड़ी, गुड़ी पड़वा, चेती चांद, नवरेह और साजिबु चेरोबा की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा, चैत्र शुक्लादि, उगाड़ी, गुडी पड़वा, चेती चाँद, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

### पलामू भाजपा नेता का शव कुएं में मिला

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र में एक भाजपा के एक नेता का शव कुएं से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। मृतक करेश राम पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के रंगेया के रहने वाले थे और भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा के मनातू मंडल के महामंत्री थे।

### पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर को पांच साल की सजा

**रांची।** डोरंडा कोषागार के पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर पवन केडिया को भ्रष्टाचार के आरोप में विजिलेंस की विशेष अदालत ने 5 साल की सजा सुनायी है। 30 हजार का जुर्माना भी लगाया है। पवन पर आरोप था कि उन्होंने बिल पास करने के एवज में 30 हजार मांगे थे।

## स्कूल के पास मॉक ड्रिल, आंसू गैस से कई बच्चे बेहोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस की लापरवाही से राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पुलिस लाइन में अफरा तफरी मच गयी। स्कूल में आंसू गैस का धुआं पहुंचने से बच्चों की आंखों में जलन होने लगी और कई बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। आनन-फानन में दर्जन भर बच्चों को सदर अस्पताल ले जाया गया। यह पूरा हादसा स्कूल के पास मौजूद पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल की वजह से हुआ। मालूम हो कि सरकारी स्कूलों में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया था। इसमें बच्चे शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे। प्रिंसिपल ने बताया कि फिलहाल दोनों बच्चियों की स्थिति बेहतर है। कुछ बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, लेकिन दो बच्चों को ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया है।

**लापरवाही** | दो बच्चे ऑक्सीजन सपोर्ट पर, अन्य को घर भेजा

### पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

फिलहाल, दो बच्चियां अस्पताल में इलाजरत हैं। रांची विधायक सीपी सिंह ने पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाये। कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान स्कूल में आंसू गैस का धुआं जाना गलत है। पुलिस को घनी आबादी से दूर इलाके में मॉक ड्रिल करना चाहिए। श्री सिंह सदर अस्पताल जा कर बीमार बच्चों से भी मिले और उनका हालचाल जाना।




**क्लास रूम में धुआं भर गया : प्रिंसिपल**

स्कूल की प्रिंसिपल डॉ ज्योत्सना प्रसाद ने बताया कि अचानक एक धमाके की आवाज हुई और कुछ पल में ही क्लास रूम में आंसू गैस का स्मेल फैल गया। सभी को दिक्कत होने लगी। तुरंत सभी बच्चों को बाहर निकाला गया। इस बीच दूसरा धमाका होने पर स्कूल कैंपस के बगल में मौजूद पुलिस लाइन में पहुंची। पुलिसकर्मियों ने बताया कि पर्व त्योहार में आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल हो रहा था, जिस कारण ऐसा हुआ।

> तमाम सुरक्षा मानकों का ख्याल रखकर ही मॉक ड्रिल किया जाता है। अचानक तेज हवा चलने से आंसू गैस का धुआं स्कूल कैंपस तक पहुंच गया। स्कूल के ऊपरी माले के क्लास रूम की खिड़कियां खुली थी। इसी वजह से वहां तक स्मेल पहुंच गया। सभी बच्चे ठीक हैं। किसी को यह अंदेशा नहीं था कि मॉक ड्रिल स्थल से करीब 100 मीटर दूर मौजूद स्कूल तक गैस का असर पहुंच जायेगा। - **राजकुमार मेहता, सिटी एसपी, रांची**

## देश के 100 पावरफुल लोगों में हेमंत सोरेन 40वें नंबर पर

- इंडियन एक्सप्रेस की सूची में मोदी नंबर वन, राहुल नवें स्थान पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस की ओर से जारी देश के 100 सर्वाधिक पावरफुल लोगों में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को 40 स्थान मिला है। सबसे पावरफुल भारतीयों की सूची में पीएम मोदी पहले स्थान पर हैं। दूसरे स्थान पर गृहमंत्री अमित शाह, तीसरे नंबर पर जयशंकर हैं और चौथे स्थान पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का नाम है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम इस सूची में 9वें स्थान पर है। सूची के अनुसार देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी दस और 11 वें नंबर पर गौतम अडानी है।

**योगी छठे नंबर पर**

अंग्रेजी अखबार की सूची में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छठे नंबर पर हैं। राजनाथ सिंह सातवें और आठवें पर अश्विनी वैष्णव हैं। पीयूष गोयल 12 वें और देवेंद्र फड़नवीस तेरहवें स्थान पर हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस 45वें नंबर पर हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, राजनाथ सिंह, उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, अमित शाह के पुत्र जय शाह, एनएसए अजित डोभाल, यूपी के सीएम योगी, शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद, क्रिकेटर रोहित शर्मा, विराट कोहली, दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय, अल्लू अर्जुन शामिल हैं।

**हेमंत की लंबी छलांग**

अखबार की इस सूची में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन 40 वें स्थान पर हैं। पिछले वर्ष श्री सोरेन 93वें नंबर पर थे। वहीं आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू 14 वें, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी 28वें , तमिलनाडु के सीएम स्टालिन 23वें और कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया 20वें स्थान पर हैं। सूची में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण 73वें स्थान पर हैं। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी 89वें स्थान पर हैं। इसके अलावा सूची में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, फिल्ममेकर करण जौहर, सिंगर दिलजीत दोसांझ सहित यूपी, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री और कई विपक्षी नेता शामिल है। इंडियन एक्स्त्रपेस समूह हर साल देश के 100 ताकतवर लोगों की लिस्ट जारी करता है, जिसमें राजनीति, लोक प्रशासन, उद्योग, कारोबार, सिनेमा, खेल सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को उनके कार्यों और इसके असर के आधार पर रैंकिंग दी जाती है।

## अलकतरा घोटाला: इलियास हुसैन को तीन साल की सजा

- चार अन्य को भी सजा, 32-32 लाख जुर्माना, सात बरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एकीकृत बिहार के बहुचर्चित अलकतरा घोटाले में 28 साल बाद सीबीआइ की विशेष अदालत ने सुनवाई के बाद तत्कालीन मंत्री इलियास हुसैन सहित पांच को तीन-तीन साल की सजा सुनायी है। साथ ही 32-32 लाख रुपये का अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड नहीं जमा करने की स्थिति में उन्हें अतिरिक्त छह माह के कारावास की सजा भुगतने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सात अभियुक्तों को सबूत के आभाव में बरी कर दिया है। इलियास हुसैन सहित तीन-तीन साल की सजा पाये सभी लोगों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

**इन्हें सुनायी गयी सजा :** इस मामले में इलियास हुसैन, शाहाबुद्दीन बेग, पवन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल और विनय सिन्हा को तीन-तीन साल की सजा और 32-32 लाख का जुर्माना लगाया गया है। वहीं इस मामले में जी रामनाथ, एसपी माथुर, तरूण गांगुली, रंजन प्रधान, एस सिन्हा व एमसी अग्रवाल बरी हुए हैं। कोर्ट ने शनिवार को जिस मामले में फैसला सुनाया, वह सीबीआइ की प्राथमिकी संख्या आरसी11/97 से संबंधित है। सीबीआइ ने मामले की जांच कर कोर्ट में आरोप पत्र सपर्पित किया था। वर्ष 1994 में रोड कंस्ट्रक्शन विभाग की हजारीबाग इकाई में सड़क निर्माण के दौरान 510 मिट्रिक टन अलकतरा का घोटाला हुआ था, जिसकी कीमत उस वक्त 27.70 लाख आंकी गयी थी।

### मार्च क्लोजिंग पर देर रात तक तीनों ट्रेजरी में भारी भीड़

## ₹12 हजार करोड़ से अधिक राशि सरेंडर होने की उम्मीद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन राज्य के कोषागारों में शनिवार को देर रात तक हलचल रही। सामान्य दिनों की अपेक्षा बिलों का भुगतान कई गुणा अधिक होता रहा। वित्त विभाग के गाइडलाइन के अनुसार दोपहर तीन बजे तक विभिन्न विभागों के बिल समर्पित किये जाते रहे। इनमें सर्वाधिक ऊर्जा विभाग का बिल रहा। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सरकार ने अपने खर्चे की गणना बजट आकार 126679 लाख करोड़ रुपये मानकर की थी। नतीजा, कुल बजट में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक सरेंडर किये जाने की संभावना बतायी जा रही है। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन पैसे की निकासी को लेकर राज्य की तीनों ट्रेजरी के बाहर-भीतर लोगों की भीड़ लगी रही। 30 मार्च रविवार और 31 को ईद के त्योहार के मद्देनजर सरकार ने वित्तीय लेन-देन के लिए 29 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित की थी। (शेष पेज 11 पर)

**31 मार्च तक सरेंडर करने का समय**

वित्तीय लेन-देन के लिए 29 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित लेकिन सरकार ने खर्च न की जाने वाली राशि को सरेंडर करने के लिए 31 मार्च की तिथि निर्धारित की है। 31 मार्च तक सरेंडर की जाने वाली राशि का ब्योरा ऑनलाइन जारी किया जा सकेगा। 31 मार्च तक सरेंडर नहीं की जाने वाली राशि को लैप्स माना जायेगा। वित्त विभाग के सूत्रों के अनुसार शनिवार शाम शाम तक एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाने की सूचना है। वहीं केंद्रीय एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं का 7235.84 करोड़ खर्च किया गया था, जो इस मद में कुल प्रावधानिक राशि का 62 फीसदी है।

## सुकमा में खूंखार इनामी नक्सली बुधरा समेत 17 ढेर

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के थाना केरलापाल क्षेत्र में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के प्रमुख लीडर जगदीश उर्फ बुधरा को मार गिराया। उसके साथ ही 16 अन्य नक्सली मारे गये। बुधरा दरभा डिवीजन का इंचार्ज था और उसके ऊपर 25 लाख रुपये का इनाम था।

वहीं नक्सलियों के मारे जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह नक्सलवाद पर एक और प्रहार है। उन्होंने इसे , इसे 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सरकार के संकल्प का हिस्सा बताया। उन्होंने हथियार रखने वालों से अपील की है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता। केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

### शाह ने कहा- नक्सलवाद के खात्मे पर एक और प्रहार



**बुधरा का मारा जाना बड़ी सफलता**

पुलिस अफसरों का कहना है कि बुधरा जैसे बड़े नक्सली नेता का मारा जाना सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता है। बुधरा (40) नक्सली संगठन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। वह झीरम हत्याकांड में भी शामिल था, जो एक बड़ा राजनीतिक हिंसा का मामला था। इसके अलावा, वह 2023 में सुकमा जिले के अरणपुर में हुई उस घटना का भी हिस्सा था, जिसमें डीआरजी (डिस्ट्रीक्ट रिजर्व गार्ड) के जवान शहीद हो गये थे। सुरक्षाबलों की यह संयुक्त कार्रवाई उप्पमपल्ली ग्राम के पास हुई, जहां नक्सली राशन लेने के लिए पहुंचे थे। सुरक्षाबलों ने इसके एक दिन पहले से इलाके में तलाशी और फायरिंग शुरू कर दी थी, इसके बाद यह बड़ी मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये। जिनमें एके-47, रॉकेट लॉन्चर, बीजीएल लॉन्चर और विस्फोटक पदार्थ शामिल हैं।

### जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

**लातेहार।** एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के कटिया जंगल में छापेमारी कर जेजेएमपी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर मुरारी भुइयां उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव की धूम, एक को शोभायात्रा

- बाजार में सरना ड्रेस की जबरदस्त मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासियों के सबसे प्रमुख त्यौहारों में से एक है 'सरहुल पर्व' चैत्र मास के शुक्ल तृतीया को इस पर्व को मनाया जाता है। इसको नये साल की शुरूआत का उत्सव भी कहा जाता है। हतमा सरना समिति के पुजारी जगलाल पाहन के अनुसार 31 मार्च से सरहुल की शुरूआत होगी। 1 अप्रैल को सरहुल की शोभा यात्रा निकलेगी जो सिरमटोली स्थित सरना स्थल तक जायेगी। हर मुहल्ले के सरना स्थल से शोभा यात्रा निकलती है। इससेराजधानी का नजारा देखते बनता है। 2 अप्रैल को फूलखोसी के साथ पर्व का समापन हो जायेगा। इस दिन साल के फूल और महुआ के फल से देवताओं की पूजा होती है। केकड़ा और मछली की पूजा की जाती है। आदिवासी समाज के लोग उपवास रख कर प्रकृति देवताओं और पूर्वजों से अच्छी फसल के लिए अच्छी बारिश की कामना करते हैं। साड़ी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। मांदर की थाप पर समुदाय के लोग झूमते हैं।



**सरना ड्रेस का क्रेज**

सरहुल महोत्सव को देखते हुए पारंपरिक परिधान की मांग बढ़ गयी है। आदिवासी के साथ-साथ गैर आदिवासियों में भी सरना ड्रेस का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। बाजार में सरना ड्रेस के नाम से पारंपरिक परिधान बिक रहे हैं। प्रकृति के अलग-अलग रंग को दशार्ती प्रिंट वाली बंडियां बिक रही हैं। एक बंडी की कीमत 700 रु से 1500 रु तक है। बच्चों की बंडी 500 रु से 1000 रु. तक बिक रही है। कुछ वर्ष पहले तक सरहुल महोत्सव के दौरान महिलाएं लाल पाड़ वाली सफेद साड़ी पहनकर झूमतीं नजर आतीं थी। अब प्रकृति से जुड़ी तरह तरह की प्रिंट वाली साड़ियां की भी खूब बिक्री हो रही है। एक साड़ी की कीमत 300 रु से लेकर 3000 रु तक है। सरना गमछा की कीमत 100 रु से 400 रु तक है। इस बार सरना पगड़ी का भी चलन बढ़ा है।






सुप्रभात
रविवार 30.03.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 336
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# ईद उल फितर एवं रामनवमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक, उपायुक्त ने सभी से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील

- जुलूस के दौरान नहीं बजाने है भड़काऊ गीत
- निर्धारित रूट का पालन करेंगे अखाड़ा दल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** ईद उल फितर एवं रामनवमी को लेकर शनिवार को शहर के न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने जिले वासियों को दोनों त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं दी तथा सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा रामनवमी के दिन डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 तक लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी रहेगी। कोई भी अखाड़ा दल बिना सुरक्षा जुलूस नहीं निकलेंगे। गैर लाइसेंसी अखाड़ा दल को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं मिलेगी। तेज आवाज एवं किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाले गाने नहीं बजाएंगे। त्योहारों के दौरान पूरे जिले में शराब बिक्री पर रोक रहेगी। अवैध शराब के कारोबारी और शराब की जमाखोरी करने वालों पर कारवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को पानी, बिजली, सड़क, साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

### अखाड़ा दल ने भी दिया सुझाव

अखाड़ा दल के प्रदीप नारनोली, भोला राम, राम गोपाल भुवानिया, कुल्लू चौधरी, निसार आलम, मो अफजल खान, मेराज खान, लक्ष्मण तिवारी, बैजनाथ यादव, भगत सिंह सहित अन्य सदस्यों ने अपना-अपना सुझाव दिया इसमें अखाड़ा दल को खतरनाक खेल दिखाने से रोकने, चैत्र नवरात्र के दौरान शुद्ध पानी उपलब्ध कराने, पुटकी में हाई मास्ट लाइट ठीक कराने, बाघमारा में जुलूस मार्ग की मरम्मती कराने, झरिया में बिजली, पानी, साफ सफाई एव अतिक्रमण दूर कराने, चिरकुंडा में महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए।

### गैर लाइसेंसी अखाड़ा दलों को जुलूस निकालने पर रहेगा रोक





### रामनवमी से पहले धनसार एवं जामाडोबा में शुरू हो जाएगी टीओपी

सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि सभी को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मानना है। उन्होंने उपद्रव करने वालों को चिह्नित कर पुलिस को सूचित करने की अपील की। सिटी एसपी ने कहा कि रामनवमी से पहले धनसार एवं जामाडोबा टी.ओ.पी. शुरू कर दी जाएगी। चिरकुंडा में पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल उपलब्ध करा दिया जाएगा। ईद की नमाज के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। उन्होंने रामनवमी के दौरान जुलूस का रूट बदलने से पूर्व वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया।

### धारदार हथियार से करतब दिखाने पर प्रतिबंध

उपयुक्त ने कहा अखाड़ा दल शाम 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से जुलूस निकालेंगे। किसी प्रकार के धारदार हथियार का इस्तेमाल करतब दिखाने में नहीं करेंगे। सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में कार्यकताओं की तैनाती करेंगे। सभी अखाड़ा दल के अध्यक्ष और सचिव अखाड़ा पर नियंत्रण रखेंगे। अप्रिय घटना घटने पर संबंधित अखाड़ा दल के अध्यक्ष और सचिव जिम्मेदार होंगे। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण त्यौहार संपन्न कराने के लिए कृत संकल्पित है।

### ये पदाधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, नारायण राम, डीएसपी नौशाद आलम, शंकर कामती, धीरेन्द्र नारायण बंका, सुमित कुमार के अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने कोषागार के सभी बिल का समय पर निष्पादन का निर्देश



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शनिवार को जिला कोषागार का निरीक्षण किया। वे कोषागार के सभी काउंटरो का अवलोकन किया। संबंधित पदाधिकारी को आज रात्रि 10:00 बजे तक सभी बिल की भुगतान प्रक्रिया पूरी करने और समय पर उसका निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने ट्रेजरी परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। मौके पर पर जिला कोषागार पदाधिकारी पंकज कुमार तथा जिला कोषागार के सभी कर्मी मौजूद थे।

### सविमं में वार्षिक परीक्षा फल परिणाम की घोषणा

सिंदरी। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में अध्यनरत कक्षा प्रवेश से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्र छात्राओं का परीक्षा फल घोषित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्रा ने कहा कि छात्रों के वर्ष भर के मेहनत तथा माता-पिता के अथक प्रयास के परिणाम का दिन है। सबसे आवश्यक है कि छात्र सोशल मीडिया का उपयोग कम से कम करें और पुस्तकों को पढ़ें। उपाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा सम्मान से छात्रों में उत्साह बढ़ता है। वे और मेहनत करने के लिए प्रेरित होते हैं। स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मौके पर सचिव शशि भूषण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, सहसचिव डॉ अरविंद कुमार सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### कोयला लदा ट्रक पकड़ पुलिस के हवाले



कुमारधुबी-चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन नंबर चढ़ाई के समीप से एसडीएम धनबाद द्वारा गठित टीम ने छापेमारी कर कोयला लदा ट्रक को पकड़ चिरकुंडा पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि एसडीएम धनबाद को गुप्त सूचना मिली थी कि चिरकुंडा के रास्ते अवैध तरीके तरीके से कोयले का व्यापार किया जा रहा है और रोजाना ट्रैकों में कोयला लोड कर विभिन्न राज्यों में भेजा जा रहा है। इस सूचना पर शनिवार की सुबह एसडीएम की टीम ने छापेमारी कोयला लदा ट्रक को पकड़ चिरकुंडा पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि इस समय ने पदाधिकारी अभी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट मामले में हेमंतो गोराई को भेजा जेल

**सिंदरी।** पेट्रोल के ऑनलाइन भुगतान को लेकर गुरुवार को हुए विवाद में एच पी पेट्रोल पंप के कर्मियों ने विक्की सिंह और उसके भाई अजीत सिंह पर प्राणघातक हमला कर दिया था। अजीत सिंह ने घायल अवस्था में गंभीर रूप से घायल अपने भाई विक्की सिंह को धनबाद के अशर्फी अस्पताल पहुंचाया। ईलाज के दौरान विक्की की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। विक्की का सर फट गया है और जबड़ा टूट गया है। विक्की द्वारा एचपी पेट्रोल पंप में 200 रुपये का पेट्रोल लेने के बाद ऑनलाइन भुगतान करने की कोशिश की। परंतु विवाद होने पर पेट्रोल पंप कर्मियों ने दोनों भाईयों पर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। इस संबंध में अजीत सिंह ने गौशाला ओ पी में केस दर्ज करवाया था। गौशाला ओ पी प्रभारी ने बताया कि 34 वर्षीय हेमंत गौराई को दोनों भाईयों पर प्राणघातक हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बराकर नदी से अवैध तरीके से निकाला गया बालू लदा पांच ट्रैक्टर जब्त, सभी चालक फरार

- सरायढेला थाना में एफआइआर दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बराकर नदी से अवैध तरीके से निकाला गया बालू लदा पांच ट्रैक्टर जब्त किया है। दरअसल, उपायुक्त के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे, खान निरीक्षक सुमित प्रशाद, बरांत उराँव एवं आवंटित पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से सरायढेला थानान्तर्गत गोल बिल्डींग, बालाजी पेट्रोल के समीप औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बालू लदे 5 ट्रैक्टरों को रोकने का इशारा किया गया, परंतु खनन टास्क फोर्स को देखते ही सभी ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गये। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि सभी ट्रैक्टरों में लदा बालू पूर्वी टुंडी थानांतर्गत बराकर नदी से अवैध खनन कर लाया गया है। इसके बाद टीम ने पाँचों बालू लदे ट्रैक्टरों को घटना स्थल पर ही विधिवत जब्त कर लिया तथा सरायढेला थाना को सुपूर्द करते हुए सभी वाहन मालिकों, चालकों तथा इसमें संलिप्त अन्य सभी लोगों पर सरायढेला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व इसी घटना स्थल पर राजेन्द्र सिंह एवं उसके अन्य साथियों द्वारा खनन टास्क फोर्स पर हमला किया गया था। लेकिन इस तरह के हमले से खनन टास्क फोर्स का मनोबल टूटा नहीं है, बल्कि लगातार कार्रवाई की जा रही है। उक्त सभी ट्रैक्टर किसके द्वारा लाया गया था और इसका मालिक एवं चालक कौन है, इसकी सघन जांच चल रही है।

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के बाद पाये गये दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिससे बालू सहित अन्य खनिजों के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन करने वालों पर पूर्णतः लगाम लग सके।

# पुलिस ने एच यू आर एल में सक्रिय चोरी के रैकेट का किया पर्दाफाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी पुलिस ने बीते गुरुवार को एच यू आर एल सिंदरी के डोमगढ़ स्थित मेटेरियल गेट के निकट चोरी का लगभग 5.5 टन एल्यूमीनियम केबल लदा ट्रक जप्त किया था। ट्रक संख्या डब्ल्यू बी 33 इ 0152 के कागजात की जांच के बाद पता चला कि एच यू आर एल में एक रैकेट सक्रिय था। जो बिना कागजात के लाखों रुपए का स्क्रेप निकाल कर बाजार में बेच देता था। पुलिस ने इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जांच के बाद पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया गया है और ट्रक चालक पवन राम, स्क्रेप डिलर विक्की गुप्ता, फर्जी बिलिंग क्लर्क मनीष जायसवाल, एच यू आर एल सिंदरी के स्टोर्स हेड मुकेश कुमार प्रजापति, पीडीआईएल के राजू गुप्ता, ट्रक का मालिक, ड्रिपलेक्स स्टोर्स इंचार्ज राजेश पांडेय, विक्की गुप्ता का स्टाफ पप्पू, अभिषेक कुमार और मेसर्स मॉ लक्ष्मी स्टील ट्रेडर्स को अभियुक्त करार देते हुए मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक पवन राम और अभिषेक कुमार उर्फ सोनू श्रीवास्तव को जेल भेज दिया है। एच यू आर एल सिंदरी प्रबंधन ने स्पष्टीकरण देते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि उक्त ट्रक में हर्ल का नहीं बल्कि ड्रिप्लेक्स कंपनी का स्क्रैप था। हर्ल कंपनी द्वारा सामान बाहर निकालने का एक स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर बनाया गया है। इसके अनुसार उपरोक्त ट्रक में लोड स्क्रैप के कागजात उपयुक्त पाए जाने के बाद ही ट्रक को बाहर जाने दिया गया है।

# विवादित बयान पर राजपूत समाज ने सपा राज्यसभा सांसद का फूंका पुतला

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर राजपूत समाज ने सपा राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के संसद में दिए गए अभद्र बयान के खिलाफ प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सांसद की राणा सांगा पर टिप्पणी निंदनीय है। राणा सांगा और महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों ने देश के लिए बलिदान दिया है। उन्होंने सांसद को राज्यसभा से निलंबित करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि उन्होंने माफी नहीं मांगी तो विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने सांसद को 'अपराधी छवि वाला नेता' बताते हुए कहा कि ऐसे नेताओं को संसद में रहने का हक नहीं है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी चेताया कि राजपूत समाज इसका जवाब देगा। इस प्रदर्शन में करनी सेना, राजपूत एकता मंच, वीर कुंवर सिंह सेवा समिति, राजपूत विचार मंच, भारतीय राजपूताना सेवा संगठन सहित कई संगठनों ने भाग लिया। प्रदर्शन में उदय प्रताप सिंह, भोला सिंह, पंकज सिंह, नीलेश सिंह, कौशल सिंह, राजेंद्र सिंह, उमेश सिंह, अरविंद सिंह, संजीव सिंह और नीरज सिंह मौजूद रहे।

# न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का औचक निरीक्षण, दिया कई आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह, एसी धनबाद विनोद कुमार समेत कई विधिक पदाधिकारी शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने कारागार के विभिन्न बैरकों में जाकर बंदियों से उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल, भोजन, चिकित्सा व्यवस्था और कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से जेल परिसर की स्वच्छता पर जोर देते हुए शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया, जहां न्यायाधीश ने बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य केंद्र में रेफर करने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोईघर, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र का भी जायजा लिया। बंदियों को उनके अधिकारों और कानूनों की जानकारी दी गई, साथ ही जेल प्रशासन को निर्देश दिया गया कि उन्हें जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। न्यायाधीश ने अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान जेल डॉक्टर राजीव कुमार सिंह, डालसा के सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार, राजेश सिंह समेत जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर में

### भेलाटाड़ में सड़क हादसे में युवक घायल, ह्युमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स ने पहुंचाई मदद



**धनबाद।** भेलाटाड़ स्थित हुंडाई सर्विस सेंटर के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। इस हादसे में बगुला निवासी 20 वर्षीय राहुल गोप, पुत्र धिरन गोप, गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोग असहाय खड़े थे और किसी ने भी घायल को उठाने की पहल नहीं की। इसी दौरान ह्युमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स टीम के संस्थापक और केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल को इस घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी से घायल युवक को SNMMCH के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया। घटनास्थल पर विक्की खान ने भी सहयोग किया और घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कल्याण गुरुकुल मैथन में विदाई समारोह आयोजित



**कुमारधुबी।** झारखंड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल मैथन में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बैच संख्या 36 के 11 छात्रों ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर चेन्नई के एम एम फोरजिंग नामक कंपनी में नियोजित होंगे। इस कंपनी में मासिक तनख्वाह 21, 618 रुपए व तीनों टाइम खाना, बस सुविधा, रहने के लिए घर रूम आदि की व्यवस्था है। पीएफ वगैरा काटकर कुल सतरह हजार, चार सौ बहतर रुपए मिलेगा। वही कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि संस्थान आज तक आठ सौ पचहतर छात्रों को प्रशिक्षण देकर नियोजित कर चुका है। इस समारोह में छात्रों के परिजन भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। प्राचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए भी कामना किया और साथ ही उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2025 से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो रही है जिनको भी नामांकन करवाना है, कल्याण गुरुकुल मैथन में आकर करवा सकते हैं। मौके पर अमित कुमार बारिक,मितेन चंद्र सेन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### विधायक ने जलापूर्ति को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता को भेजा पत्र

महुदा। सिंगड़ा पंचायत के सिंगड़ा, पांडेयडीह एवं लालबंगला आदि जगहों पर उत्पन्न पेयजल संकट को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने काफी गंभीरता से लिया है। विधायक ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र देकर रेलवे द्वारा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मती कर या नई पाइपलाइन उपलब्ध कराकर जलापूर्ति बहाल करने को कहा है। विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि इन जगहों पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जलापूर्ति की जा रही थी। पदुगोड़ा रेलवे फाटक के समीप अंडरपास बनाने के दौरान पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। भीषण गर्मी को देखते हुए पाइपलाइन की मरम्मती अतिशीघ्र किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सिंगड़ा पांडेयडीह स्थित जलमीनार से जलापूर्ति मार्ग को तत्काल दुरुस्त करने को कहा है, ताकि इन क्षेत्रों में जलापूर्ति बहाल हो सके और लोगों की समस्या का समाधान हो।

## एमपीएल में सुरक्षा शपथ के साथ सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम संपन्न

# सुरक्षा में ही है सुरक्षित भविष्य का सार : सीईओ

- उम्दा प्रदर्शन करने वाले अधिकारी- कर्मी हुए पुरस्कृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के मौके पर एमपीएल में आयोजित सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। सुरक्षा सप्ताह को सुरक्षा माह के रूप में मनाया गया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मियों एवं उनके परिजनों में सुरक्षा जागरूकता को लेकर प्रतिबद्धता दिखी। सभी ने किसी न किसी रूप में सुरक्षा को सर्वोपरि माना। भव्य समापन समारोह में उम्दा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू सहित अन्य अधिकारियों ने पुरस्कृत किया। सभी को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। सुरक्षा से संबंधित गीत सेफ्टी से है सबकी जान हो जरा सेफ्टी पहन लो काफी प्रभावी और उत्प्रेरक रहा। एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने सुरक्षा के कई टिप्स दिए। सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने कहा सुरक्षा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। निरंतर इसमें सुधार की जरुरत है। सुरक्षा जागरुकता को लेकर चार पखवाड़े तक चले विविध कार्यक्रम सुरक्षा के महत्व को दशार्ता है। उन्होंने लोगों को जागरुक होकर काम करने की सलाह दी। कहा जीवन अनमोल है। आप हैं तो सब कुछ है। इसलिए सुरक्षा से कोई खिलवाड़ न करें। इसी में सब की भलाई है। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि अनसेफ कंडिशन देखें तो तुरंत संबंधित व्यक्ति को सूचित करें। सीएमओ सुभ्रा सुंदर चटर्जी, आपरेशन हेड प्रवीण बी राउत, सुरोध डे, दुर्गेश शर्मा, जयश्री चौधरी, श्रीनिवासा तिवारी, अम्बरीष कुमार एवं अजय कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की तथा सुरक्षा के टिप्स दिए। कहा सुरक्षा को जीवन के हर क्षेत्र में आत्मसात करे। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सेफ्टी से जुड़े विभिन्न स्लोगन युक्त पोस्टर प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी। सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को समायोजित कर मधुर संगीत को लयबद्ध किया गया था जिसकी धून और थीम बेहतर कर्णप्रिय और उत्प्रेरक था। मौके पर सुप्रतीक मुखर्जी, संदीप खेडवाल, संजीव सिन्हा, शेखर मिश्रा, फैज आलम, सुनील कुमार सिंह, उमाकांत पाटकर, मोहन सिंह,राहुल कुमार, ओपी आर्या, अभिजीत पांडे, रवीन्द्र डेरला, प्रिंस कुमार सिंह, पार्थ गुप्ता, मिथिलेश सिंह, मुन्ना सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# वितीय वर्ष के अंतिम दिन करीब 200 बिल पास, लगभग 20 करोड़ की हुई निकासी

## पूरे मार्च माह में 2010 बिल के विरुद्ध 207 करोड़ की हुई निकासी

ब्यूरो प्रमुख

**कोडरमा।** वितीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन समाहरणालय स्थित जिला कोषागार में दिन भर हलचल बढ़ी रही। वहीं सामान्य दिनों की अपेक्षा शनिवार को बिलों का भुगतान अपेक्षाकृत अधिक हुआ।

बताते चले कि वित्त विभाग द्वारा 29 मार्च को कोषागार कार्यालय में विपत्र जमा करने की अवधि दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया था, जिसके आलोक में सुबह से ही कार्यालय में भीड़ देखी गयी, हालांकि कोषागार कार्यालय में बहुत अधिक भीड़ नही देखी गयी। विभागों के लोग आते गए और बिल जमा करते गए।

कोषागार कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 28 मार्च तक विभिन्न विभागों द्वारा 2010 विपत्र जमा किये गए, जिसके विरुद्ध लगभग 206 करोड़ की निकासी की गई।

वहीं वितीय वर्ष के अंतिम दिन विभिन्न विभागों द्वारा करीब 200 विपत्र जमा किये गए, जिसके विरुद्ध लगभग 19 करोड़ 76 लाख, 59 हजार की राशि की निकासी की गई। विभाग से मिली



जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, शिक्षा, जिला समाज कल्याण, भवन प्रमंडल, विशेष प्रमंडल, नगर पर्षद, नगर पंचायत व विभिन्न प्रखंड व अंचल कार्यालय आदि के द्वारा विपत्र जमा किया गया। वहीं कई विभागों द्वारा राशि का सरेंडर करने की भी जानकारी मिली। उनमें से विशेष प्रमंडल द्वारा 5 करोड़, पथ निर्माण 10 करोड़, परिवहन विभाग 38 लाख, पीएचईडी द्वारा वेतन मद की राशि आदि विभाग के नाम शामिल है।

**विभिन्न विभागों द्वारा दिये गए बिल 3 बजे तक किया गया स्वीकार :** जिला कोषागार पदाधिकारी नजमुल लैल ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में शनिवार 3 बजे तक तक विभिन्न विभागों के द्वारा दिये गए बिलों को स्वीकार किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधान सचिव वित्त विभाग के निर्देश दिया गया था कि मार्च माह में प्राप्त आवंटन का 15 प्रतिशत ही निकासी की जाएगी, उक्त निर्देश का अक्षरशः पालन किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि 28 मार्च 2025 तक विभागों द्वारा 2010 विपत्र जमा किये गए, जिसके विरुद्ध लगभग 206 करोड़ की राशि की निकासी की गई। वहीं शनिवार को लगभग 200 विपत्रों के विरुद्ध 19 करोड़, 76 लाख, 59 हजार, 653 रुपये की निकासी की गई।

# प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले में अवैध अफीम की खेती और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और वन विभाग के अधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने बताया कि अफीम की खेती रोकने और लोगों को इसके दुष्प्रभाव से जागरूक करने के लिए प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और भोले-भाले लोगों को इस अवैध काम में फंसाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में नशा मुक्त समाज बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। आम जनता से अपील की गई कि यदि उन्हें नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती या किसी अन्य संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो, तो ऑनलाइन पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## बीटीएम एवं एटीएम की नियुक्ति संबंधी

# चयन प्रक्रिया को किया तत्काल प्रभाव रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा कोडरमा अंतर्गत प्रखंड, सहायक तकनीकी प्रबंधक की नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता को लेकर प्रवीण कुमार पिता नरेश प्रसाद यादव सतगावां निवासी ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को अनियमितताओं से सम्बंधित आवेदन दिया था और उन्होंने कई बिंदुओं से अवगत कराते हुए अनियमितता को लेकर सत्यता की जांच करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द करते हुए पुनः नया गाइडलाइन एवं नया संकल्प पत्र पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू किये जाने की मांग की थी। इस खबर को खबर मंत्र अखबार ने प्रमुखता से छापा था। जिसके बाद जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा रवि शंकर प्रसाद बर्णवाल ने बीटीएम एवं एटीएम की नियुक्ति संबंधी चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा कार्यालय द्वारा बीटीएम, एटीएम की नियुक्ति से संबंधित, कृषि एवं गन्ना विकास विभाग के संकल्प संख्या 2427 दिनांक 11082014 के आलोक में संविदा विज्ञापन पीआरएन नं0-298991 (2023-24) द्वारा आत्मा कार्यालय का बीटीएम एवं एटीएम की नियुक्ति से संबंधित प्रकाशन किया गया था, जिसमें उपरोक्त पद हेतु संकल्प संख्या 2427 दिनांक 11082014 के आलोक में साक्षात्कार लेने का प्रावधान है।

जिसके तहत साक्षात्कार लेकर चयन की प्रक्रिया की गई, परन्तु सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार की शुद्धि पत्र संख्या 3020 दिनांक 19082016 के द्वारा विभागीय संकल्प 2427 दिनांक 11082014 की कंडिका 05 में वर्णित पदों जिसमें बीटीएम, एटीएम के चयन प्रकिया में साक्षात्कार नहीं लिए जाने का प्रावधान है। जिसके आलोक में नियुक्ति से संबंधित चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया।

## युवक के साथ मारपीट कर किया घायल, रेफर

# एक बाइक, एक देशी कट्टा, दो गोली बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** थाना क्षेत्र के डाहा गांव में शुक्रवार देर शाम पुरानी जमीनी रंजिश में युवक के साथ मारपीट व गोलीबारी का वारदात दिया गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।इधर घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए युवक को गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। युवक की पहचान डाहा निवासी चौवा यादव का 32 वर्षीय पुत्र लालजी यादव है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक स्थानीय बाजार डाहा मे चाउमीन दुकान के पास खड़ा था इसी दौरान दो बाइक से अज्ञात अपराधी दुकान पास आ धमके जिसके बाद युवक के साथ गाली गलौज और मारपीट किया गया वहीं युवक के सिर पर फायरिंग करने की कोशिश की गई लेकिन फायरिंग मिस फायर हो गनीमत रही कि युवक की जान माल का नुकसान नहीं हुई लेकिन मारपीट के दौरन युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया. वही अंधेरे का फायदा उठाते हुवे अपराधी नौ दो ग्यारह हो गए फिलहाल पुलिस घटनास्थल से एक अपाचे बाइक एक पिस्टल दो गोली बरामद कर ली है पुलिस आरोपियों की धर पकड़ में जूटी है। खबर लिखे जाने तक युवक के द्वारा थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया था।

# लोक अदालत किसी परिचय का मोहताज नहीं, बढ़ रही है लोकप्रियता : प्रधान जिला जज



**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है, यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढती जा रही है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है, कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है।

# अभिभावक संघ का धरना संपन्न

## अपनी मांगो को लेकर उपायुक्त के नाम एसी को सौंपा ज्ञापन

### निजी विद्यालयों की मनमानी व सीबीएसई गाइडलाइन के उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी और सीबीएसई के नियमों के उल्लंघन करने को लेकर अभिभावक संघ ने कार्यवाई करने को लेकर संकेतिक धरना दिया गया। वहीं धरना के बाद एक ज्ञापन डीसी की अनुपस्थिति में एसी पूनम कुजूर को दिया गया। वहीं धरना की अध्यक्षता रमेश प्रजापति व संचालन अली हैदर बंटी ने किया। वहीं सभा को सम्भोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष संजय साजन ने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा हर साल किताबें बदलने, उनकी कीमतों में बेतहाशा वृद्धि, कमीशनखोरी और विभिन्न शुल्कों की जबरन वसूली पर जिला प्रशासन को अविलम्ब रोक लगानी चाहिए, उन्होंने कहा कि स्कूलों में अवैध शुल्क पर लगाम लगे, री-एडमिशन, विद्यालय रखरखाव शुल्क और अन्य मनमाने शुल्क वसूलने पर रोक लगाई जाए। वहीं सचिव भानू प्रताप सिंह ने कहा हर साल नई किताबें थोपने की परम्परा बंद हो, उन्होंने कहा कि निजी स्कूल किताब विक्रेताओं से मिलीभगत कर मोटी कमीशन लेते हैं और हर साल किताबें बदल देते हैं, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है। वहीं एनसीइआरटी की किताबों को अनिवार्य करने की मांग की गई। सभा को संरक्षक नरेंद्र सिंह चंदेल, असीम सरकार, संजय पासवान, अजय कृष्ण आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि निजी स्कूलों के द्वारा चलाये जा रहे बसों की सुरक्षा पर भी जिला प्रशासन को ध्यान देने एवं स्कूलों द्वारा नामांकन के समय अधिक शुल्क वसूली की जांच हो।

# बेहोशी की हालत में मनीषा बिरहोरिन को हजारीबाग भेजा गया



**गिद्धौर।** प्रखंड के जपुआ गांव निवासी महेश बिरहोर की 38 वर्षीय पत्नी मनीषा बिरहोरिन को बेहोशी की हालत में शनिवार को इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा समेत अन्य लोगों ने आर्थिक सहयोग कर इलाज की व्यवस्था कराई। परिजनों के मुताबिक, मनीषा गुरुवार रात खाना खाने के बाद सो गई थी, लेकिन सुबह उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। पहले उसे सदर अस्पताल, चतरा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हजारीबाग रेफर कर दिया। लेकिन जब एंबुलेंस जपुआ पहुंची, तो परिजनों ने वाहन रोककर मनीषा को घर में ही रख लिया और उसका पति महेश बिरहोर भागने लगा। बाद में सीओ और महादेव दांगी के प्रयास से मनीषा को फिर से एंबुलेंस से हजारीबाग भेजा गया।

## अस्पताल में एंबुलेंस 108 नही रहने से युवक की मौत, कड़ी मशक्कत से हटी जाम

# हाईवा के चपेट में आने से एक युवक की मौत दो घायल, रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** टंडवा रोड स्थित बाबा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की 8 बजे रात्रि हाईवा के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी है। वहीं दो युवक गंभीर से घायल हो गये। मृतक युवक सुरबिल भुईयां 28 वर्षीय हर्षनाथपुर गांव का रहने वाला था। वही घायलो में मुकेश भुईयां और राकेश भुईयां दोनों खरिक गांव सदर चतरा का रहने वाला है। तीनो घायलों को ग्रामीणों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान सुरबिल की मौत हो गयी। वही गंभीर रूप से घायल मुकेश व राकेश को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो परिजन व गांव वाले अस्पताल पहुंचे। इसके बाद निजी वाहन से घायलों को हजारीबाग ले गये।

अस्पताल में एंबुलेंस 108 नही उपलब्ध रहने के कारण एक घायल युवक की मौत होने से परिजनों ने जमकर बवाल मचाया। परिजनों का कहना था कि एंबुलेंस रहता तो सुरबिल की जान बच सकती थी। सुरबिल की मौत से आक्रोशित परिजन व ग्रामीण शव को लेकर लेकर सिमरिया चौक को जाम कर दिया। लोग अस्पताल में एंबुलेंस नही रहने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। जाम के कारण चारो सड़को वाहनों का परिचालन ठप हो गया। ग्रामीण एवं अन्य वाहनों को छोड़कर सिर्फ कोल वाहनों को रोका जा रहा था। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून दल बल के साथ चौक पर पहुंचे। इसके बाद बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय और मुखिया सुधीर सिंह भी पहुंचे। जाम कर रहे लोगो को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया।

अधिकारियों द्वारा समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुए। बीडीओ द्वारा तत्काल दाह संस्कार के लिए बीस हजार रुपए दिया गया। साथ ही हिट एंड रन के तहत मुआवजा और कोल परियोजना से तीन लाख रुपए का मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद पांच घंटे बाद सड़क जाम हटा लिया गया। सड़क जाम रात नौ बजे से रात दो बजे तक रहा। जाम हटाने के बाद वाहनों का परिचालन बहाल कर दिया गया। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार तीनो युवक एक बाइक पर सवार होकर टंडवा थाना क्षेत्र के कढनी फुलवरिया से एक रिश्तेदार के यहां से छेका कार्यक्रम सम्पन्न कराकर लौट रहे थे। इस दौरान सिमरिया की ओर से तेज रफ्तार से जा रही हाईवा वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। इधर युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। वही गांव में मातम छाया हुआ है।


**उपायुक्त का न्यायालय, कोडरमा**
**(विधि शाखा)**

**-: आम सूचना :-**

निदेशानुसार, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में प्रतिबंधित सूची से विमुक्त करने हेतु दायर विविध वाद संख्या-119/2022 मिन्हाज खान बनाम् राज्य में मौजा-चिलोडीह, थाना न०-284 के खाता संख्या-26, प्लॉट संख्या-187, रकवा-0.06ए० भूमि की सुनवाई उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में की जा रही है।

अतः प्रश्नगत् वाद से संबंधित प्रस्तावित भूमि पर यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो वे उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में उक्त वाद की आगामी निर्धारित तिथि दिनांक 11.04.2025 को उपरोक्त भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित् करेंगे।

ह०/-
प्रभारी पदाधिकारी
विधि शाखा, कोडरमा

PR 349558 (District)24-25*D

**उपायुक्त का न्यायालय, कोडरमा**
**(विधि शाखा)**

**-: आम सूचना :-**

निदेशानुसार, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में प्रतिबंधित सूची से विमुक्त करने हेतु दायर विविध वाद संख्या-06/2024 बिन्देश्वरी सिंह एवं 01 अन्य बनाम् राज्य सरकार में मौजा-यदुटांड, थाना नं०-05, खाता संख्या-10, प्लॉट संख्या-198, रकवा-0.16ए० एवं खाता संख्या-10, प्लॉट संख्या-198, रकवा- 0.15ए० भूमि की सुनवाई उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में की जा रही है।

अतः प्रश्नगत् वाद से संबंधित प्रस्तावित भूमि पर यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो वे उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में उक्त वाद की अगामी निर्धारित तिथि दिनांक 11.04.2025 को उपरोक्त भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित् करेंगे।

ह०/-
प्रभारी पदाधिकारी
विधि शाखा, कोडरमा।

PR 349555 (District) 24-25 (D)

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(विकास शाखा)**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन सूचना**

डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर / प्रशिक्षण संस्थान में एक वर्ष में प्रयोग होने वाले खेल (क्रिकेट, कुश्ती एवं एथलेटिक्स) से संबंधित एवं अन्य विविध सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दर निर्धारण किया जाना है। उक्त के निमित दिनांक 07.04.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक सामग्रियों के क्रय हेतु अधिकृत विक्रेता एवं आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। खेल एवं अन्य विविध सामग्रियों की सूची कार्यालय अवधि में विकास शाखा, लोहरदगा एवं लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

1. कोटेशन के साथ स्वहस्ताक्षरित पैन नं0., आधार नं0 की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. G.S.T निबंधन तथा अद्यतन G.S.T Return की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. संबंधित प्रतिष्ठान यदि सरकारी विभाग में खेल एवं अन्य संबंधित सामग्री आपूर्ति किये होंगे, उसका अनुभव प्रमाण- पत्र कोटेशन के साथ संलग्न कर सकते हैं।
4. संबंधित प्रतिष्ठान काली सूची में दर्ज नहीं है, इस आशय का शपथ पत्रा संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. खेल (क्रिकेट, कुश्ती एवं एथलेटिक्स) एवं अन्य विविध सामग्रियों को एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति करना आवश्यक होगा।
6. सामग्रियों को लाने / ले जाने का भाड़ा देय नहीं होगा।
7. किसी भी कोटेशन को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

PR 349540 Lohardaga (24-25)_D — उप विकास आयुक्त, लोहरदगा

**District Health Society Koderma**

Letter no............ **EXPRESSION OF INTEREST** dt.........

**EOI No :02/2025**

Introduction

Sadar Hospital Koderma is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services like (Normal and Caesarian delivery, Pathology, SNCU, Blood Bank etc.). To increase the services more effectively, the District Health Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Specialist and Medical Officers for strengthening health infrastructure and resources in Sadar Hospital, Koderma under Mukhya Mantri Jan Arogya Yojna / as per Sankalp 108 (21) Dated 14.8.2024 of Govt. of Jharkhand.

| Sl No | Name of Post | No of Post | Minimum Qualification | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Medical Officer | 7 | MBBS | • Remuneration of Rs 50,000 per month.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 5 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Minimum 6 days in a week<br>• If 100 IPD, Salary is Approx 86,600/- per Month |
| 4 | Pathologist | 2 | DCP/MD/DNB (PATH) | • Remuneration of Rs 50,000 per month for DCP and 75000/- PM for MD.<br>• Extra incentive 10 Rs per patient<br>• Minimum 6 days in a week |
| 5 | Psychiatrist | 1 | MD/DPM/DNB | • 200 Rupees per OPD patient.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 19 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Duty will be assigned as per roaster.<br>• If 100 IPD and 500 OPD, Salary is Approx 1,75,030/- per Month |
| 6 | Physician | 2 | MD (Medicine) | • 200 Rupees per OPD patient.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 19 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Duty will be assigned as per roaster.<br>• If 100 IPD and 500 OPD, Salary is Approx 1,75,030/- per Month |
| 7 | Gynecologist | 1 | MS/DGO/DNB | • 200 Rupees per OPD patient.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 19 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Duty will be assigned as per roaster.<br>• If 100 IPD and 500 OPD, Salary is Approx 2,97,764/- per Month |
| 8 | Radiologist | 1 | MD/ DMRD/DNB/CBE Pass | • Remuneration of Rs 75,000 per month.<br>• Extra incentive 25 Rs per patient<br>• Minimum 6 days in a week |
| 9 | General Surgeon | 1 | MS/DNB | • 200 Rupees per OPD patient.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 19 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Duty will be assigned as per roaster.<br>• If 100 Surgery and 500 OPD, Salary is Approx 4,20,354/- per Month |
| 10 | ENT | 1 | MS, DNB | • 200 Rupees per OPD patient.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 19 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Duty will be assigned as per roaster. |
| 11 | Neurologist | 1 | DM | • 300 Rupees per OPD patient.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 19 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Duty will be assigned as per roaster.<br>• If 100 IPD and 500 OPD, Salary is Approx 2,25,030/- per Month |
| 13 | Nephrologists | 1 | DNB/MCH | • 300 Rupees per OPD patient.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 19 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Duty will be assigned as per roaster.<br>• If 100 IPD and 500 OPD, Salary is Approx 2,25,030/- per Month |
| 14 | EYE Surgeon | 1 | MS/DNB | • 200 Rupees per OPD patient.<br>• On PMJAY package will be paid on every IPD 19 % of 75 % and 25% of 25%<br>• Duty will be assigned as per roaster.<br>• If 100 surgery and 500 OPD, Salary is Approx 2,02,500/- per Month |
| Total | | 19 | | |

Note :-
- Interested candidates are requested to send CV/Resume to dpcabpmjaykdm@gmail.com before 15 April 2025
- Walk in interview date 17 April 2025 Time 11 AM.
- For any enquiry, candidates can contact the following mobile numbers during official hours – Mr Mahesh Kumar, District Programme Manager, Contact no 8709947026. Email id cs.koderma4@gmail.com; Mr. Sumit Kumar Sinha, District Programme Coordinator- Ayushman, Contact no 9911901948. Email id dpcabpmjaykdm@gmail.com

Civil Surgeon
Koderma

PR 349586 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

## समय संवाद

सद्गुरुः एक समय था, जब सारी दुनिया में, जब लोगों के पास कोई काम नहीं होता था तब वे मौसम की चर्चा किया करते थे। लेकिन आजकल कोई मौसम की चर्चा नहीं करता। आप चाहे जहाँ जायें, आप की दादी, नानी से ले कर आप के नाती-पोतों तक, हर कोई केवल अर्थव्यवस्था के बारे में बात करता है। सभी की बातचीत में, अर्थव्यवस्था ही मुख्य मुद्दा बन गया है।मध्यम, संतुलित जलवायु में आप जो रासायनिक खाद मिट्टी में डालेंगे वह वहाँ 9 से 12 साल तक रहेगी। पर हमारे जैसी ऊष्ण कटिबंधीय ( ज्यादा गर्म या ट्रॉपिकल) जलवायु में ये तीन से चार महीनों से ज्यादा नहीं रहती। हमारे लोगों में कहीं से ये विचार आ गया कि हम बिना जैविक पदार्थों का उपयोग किये अन्न उगा सकते हैं। यह अविश्वसनीय है।

# पर्यावरण आज की समस्या भविष्य की नहीं

**सद्गुरु जग्गी बासुदेव**

अर्थव्यवस्था हमारे जीवन जीने की प्रक्रिया का एक अधिक पेचीदा रूप है। साधारण रूप से जीवन जीने का मतलब है बस खाना, सोना, बच्चे पैदा करना और एक दिन मर जाना। इसे अब बहुत ज्यादा जटिल बना दिया गया है। मैं इसके खिलाफ नहीं हूँ पर लोग सोचते हैं कि अर्थव्यवस्था आज की चिंता है और पर्यावरण भविष्य का मुद्दा है। पर्यावरण आज की समस्या है और आज की ही चिंता का विषय भी। अगर आज हमारा जीवन अद्भुत है, तो इसलिये नहीं कि शेयर बाजार में उथल-पुथल हो रही है या फिर किसी विशेष देश या समाज में विकास दर का प्रतिशत अच्छा है। हमारा जीवन अच्छा इसलिये है कि हम पोषक खाना खा रहे हैं, स्वच्छ जल पी रहे हैं, और शुद्ध हवा में सांस ले रहे हैं। ये पूरी तरह से भुला दिया गया है।

हर जगह जहर है

आज जो भोजन हम खा रहे हैं वह रसायनों से भरा हुआ है। जो पानी हम पी रहे हैं वह जहर से भरा है, और जरूर, हवा तो जहरीली है ही। मुझे लगता है कि तकनीक की सहायता से हम अगले 10 से 15 वर्षों में हवा का शुद्धिकरण कर लेंगे। इस दिशा में एक बड़ा आंदोलन चल रहा है। लेकिन मिट्टी और पानी, ये बड़ी समस्याएँ हैं।

मिट्टी में ही जीवन पनपता है। मैं और आप, कुछ और नहीं, बस थोड़ी सी मिट्टी हैं। जो मिट्टी थी वह भोजन बन गया, जो भोजन था वह माँस और रक्त बन गया।

दुर्भाग्यवश, मिट्टी एक ऐसी चीज है जिसे अधिकतर लोग पर्यावरण की दृष्टि से नजरअंदाज कर देते हैं। हमने अपनी धरती की उपजाऊ मिट्टी को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। बर्फ का पिघलना, शायद जल्दी नजर आ जाता हो, पर हमने मिट्टी को जो नुकसान पहुंचाया है वह ज्यादा खतरनाक है।

पोषक तत्वों में गिरावट

जो सब्जियाँ और फसलें हम अपने देश में उगा रहे हैं, उनके पोषक तत्वों में, पिछले 25 वर्षों में, लगभग 30% गिरावट आयी है। यही कारण है कि लोग चाहे जो खायें, वो पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो रहे हैं।

डॉक्टर कह रहे हैं कि अगर आप माँस न खायें तो आप को पर्याप्त पोषण नहीं मिलेगा। एक ढंग से देखें तो वे पूरी तरह से गलत नहीं हैं। शाकाहारी भोज्य पदार्थ जिस ढंग से उगाये जा रहे हैं, उससे उनके पोषक तत्वों का नाश हो गया है। वे पौधों में कुछ ऐसा डाल रहे हैं जो सिर्फ भोजन जैसा दिखता है, पर वह भोजन नहीं है। वे आप को बस कचरा बेच रहे हैं। ऐसा इसलिये हो रहा है क्योंकि मिट्टी की गुणवत्ता नाटकीय ढंग से बहुत नीचे आ गयी है।

आप अपनी मिट्टी को बस रासायनिक खादों और ट्रैक्टर से समृद्ध नहीं रख सकते। आप को जमीन पर पशुओं की आवश्यकता होती है। प्राचीन समय से, जब से हम फसलें उगा रहे हैं, हम सिर्फ फसल ही काटते थे। बाकी का, वनस्पति और पशुओं का कचरा जमीन में जाता था।

आज हम सब कुछ बाहर खींच रहे हैं और जमीन में कुछ भी जाने नहीं दे रहे। हमें लगता है कि थोड़ी बहुत रासायनिक खाद डालने से काम हो जायेगा। यही कारण है कि भोजन और उनके पोषक तत्वों की गुणवत्ता जबरदस्त रूप से नीचे आ रही है।

हमारी भोजन उगाने की योग्यता ही समाप्त हो रही है, क्योंकि हम अपनी उपजाऊ जमीन को रेगिस्तान बनाये जा रहे हैं। हम अपनी उपजाऊ मिट्टी को रेत बना रहे हैं क्योंकि उसमें कोई जैविक पदार्थ जा ही नहीं रहे हैं - कहीं कोई पेड़ों की पत्तियां या पशुओं का मल-मूत्र नहीं है।

रासायनिक खादों का वास्तविक खतरा

लगभग 40 साल पहले, जब मैं खेती करता था, रासायनिक खाद बनाने वाली कंपनियों के लोग आ कर गाँवों में किसानों को बताते थे कि रासायनिक खाद के क्या गुण हैं और ये क्या कर सकती हैं। क्या जैविक पद्धति के अलावा किसी और पद्धति से भोजन उगाने का कोई और तरीका है ? नहीं, कोई और तरीका नहीं है ! आप अपनी उपजाऊ मिट्टी को तभी बचा सकते हैं, जब पेड़ों की पत्तियाँ, वनस्पति कचरा और पशुओं का मल-मूत्र उसमें जायेगा। आप केवल इसी एक तरीके से अपनी जमीन को लंबे समय तक बचा कर रख पायेंगे।

मिट्टी को ठीक करें - सब कुछ ठीक होगा

अगर हम अगले 5 से 10 साल तक सही कदम उठायें, तो फिर अगले 25 से 30 सालों में हम जमीन को ठीक-ठाक ढंग से बदल कर उपजाऊ बना पायेंगे। लेकिन अगर हम अभी कुछ नहीं करते और 50 साल बाद ये काम शुरू करेंगे तो हमें इस मिट्टी को उपजाऊ बनाने में 150 साल लगेंगे। इसका अर्थ ये हुआ कि मिट्टी खराब होने के कारण, चार से पांच पीढियां बहुत ही खराब तरह का जीवन

## यथार्तो धर्म जिज्ञासा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**हमारे** समाज में कर्मकांड और तत्व ज्ञान को लेकर किसी प्रकार भेद नहीं है विवाद नहीं है। हमारी पढ़ाई प्रणाली में इतना दोष है कि हम नास्तिक और आस्तिक विचार के साथ चार्वाक के विचारों को पढ़ाते हैं। भारतीय दर्शन में चार्वाक के विचार का कोई स्थान ही नहीं है लेकिन जब जब जीयो सुख से जीयो उधार लेकर घी पियो जैसे विचार को प्रचारित प्रसारित किया गया। चार पंक्ति किस प्रकार इतना प्रचारित हो गया इसका कोई शोध नहीं हुआ। इस व्यक्ति का भी कोई पता नहीं है। हमारे सिंधु नदी के पूरब रहने वाले जन समूह के सनातन पद्धति मानने वाले लोग दुनिया में जन कल्याण के समर्पित पहले समूह थे। हमारा आधार वेद ही है। वेद के आधार पर कोई भेद नहीं हो सकता। न कोई आस्तिक न नास्तिक। हमारे संतो ने जो सांस पर शोध किया उसका एक आधार था अथार्तो धर्म जिज्ञासा। जिज्ञासा मैं कौन हूं? मेरा सुख क्या हैं? जगत किसके द्वारा चल रहा है। सांस की प्रधानता को भी समझा गया। सांस रोकने का अभ्यास और कुभंक जैसी प्रकिया से अभ्यास किया गया।

यह सबसे बड़ी बात है। जिज्ञासा सांस को लेकर हुई और सांस की अवस्था को उच्च स्थान पर पहुंचाने की जो प्रकिया हमारे ऋषि मुनियों ने प्राप्त किया और संसार को दिया वह आज भी विस्तार पा रहा है। एक बार 1892 में जब स्वामी विवेकानंद राजस्थान के खेतरी महाराज के महल में थे तब एक घटना हुई। महाराज ने एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया उस कार्यक्रम में एक नर्तकी को भी बुलाया गया था। महफिल सज गयी थी और स्वामी विवेकानंद जी के लिये भी एक आसान लगाया गया था। राजा सहित सभी लोग कार्यक्रम में आ गये। लेकिन स्वामी विवेकानंद को लगा कि इस नर्तकी के का स्थान नीचे है मुझे इसके कार्यक्रम में नहीं जाना चाहिए। जब समय हुआ स्वामी विवेकानंद जी नहीं आये तब निश्चित समय पर नर्तकी ने राजा से आदेश लेकर कार्यक्रम आंरभ किया। उसने पहला गीत *प्रभु जी मेरे अवगुण चित न धरो ,समदर्शी है नाम तुम्हारे काहे भेद करो* प्रस्तुत किया। इसको सुनते ही स्वामी विवेकानंद को अहसास हुआ कि शरीर और आत्मा अलग है मैं किससे धृणा कर रहा हूं। वे कमरे से निकलकर कार्यक्रम स्थल में आ गये। नर्तकी ने उनके चरण स्पर्श किया। ठीक वैसा ही ब्रह विद्यालय आश्रम के तत्व ज्ञान स्वामी समाधि सरकार ने भी दो शब्दों का आदेश मुझे दिया था। बनले बनइब। जो सही है उसे ही सही करोगे। यह प्रकरण तब का है जब मगध क्षेत्र में भक्ति का प्रचार का काम मेरे जिम्मे आया था और मैं कर रहा था। मगध संत की बाणी सबसे बड़ी होती है। संतो के लिये सब बराबर है और कहें तो बिगड़ों के लिये उनके पास अधिक स्थान होता है। समाज में भक्ति का प्रवाह और प्रचार के लिये यही धारा ब्रह्म विद्यालय आश्रम से प्रचारित हो रही है जो मनुष्य के प्रथम जिज्ञासा पर ही आधारित है। आखिर सांस खत्म होने और सांस पर नियंत्रण की जिज्ञासा से ही आगे सत्य सनातन पद्धति को गति मिली।

हमारे स्वामी जी ने जिस प्रकार सात दशक तक छोटका राजपुर (बक्सर, बिहार) जैसे छोटे से गांव में धर्म का प्रचार किया ऐसा उदाहरण विश्व में और कोई दूसरा नहीं है। एक ब्रह्म ज्ञानी ने समाज और संसार को जो दिया उसे समझने और जानने के लिये भी पात्रता की आवश्यकता होती है। निर्मल हद्य सो मोही जाना।

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना स्वामी परमहंस दयाल ने टेरी में की जो तब भारत का हिस्सा है और अब पाकिस्तान में हैं। टेरी में जब समाधि स्थल में तोड़ फोड़ किया गया तो पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष आदेश देकर उसका निमार्ण सरकार के फंड से कराया। परमहंस दयाल का जन्म छपरा के दनियांवा में हुआ था। उनके नानीघर नंदपुर में था। हमारे स्वामी जी सरकार जो गढ़वा घाट आश्रम काशी के निमार्ण के बाद छोटका राजपुर आये थे उनकी इच्छा थी कि परमहंस दयाल के जन्म स्थल पर लोग जान पाये कि एक अद्धितीय संत का यह स्थान है। उनकी इच्छा हमारे लिये आदेश है और हम छपरा और नंदपुर के आश्रम में अपने मुख्य स्थान छोटका राजपुर के बाद सबसे अधिक समय रह रहा हूं।

(ब्रह्म विद्यालय आश्रम मुख्य स्थान छोटका राजपुर बक्सर बिहार शाखा कुटी बसारगढ़ रांची)

# आज का राशिफल

मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चॉकलेट का इतिहास जानो

**डॉ शीतल**



**दुनिया** में चॉकलेट डे मनाने की शुरूआत भले ही 1550 में यूरोप से हुई थी, लेकिन आज इस दिन को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। आज दुनियाभर में चॉकलेट इस कदर पसंद की जाती है कि हर आयु वर्ग का व्यक्ति इसे खाता है। क्या बच्चे, क्या युवा और क्या बुजुर्ग, हर किसी को चॉकलेट बहुत पसंद होती है। आपको बता दें कि चॉकलेट कोको के पेड़ से बनाई जाती है। 2000 साल पहले अमेरिका के रेन फॉरेस्ट में सबसे पहले इसका पेड़ खोजा गया था। इस पेड़ की फलि ?यों में जो बीज होते हैं उनसे चॉकलेट बनाई जाती है। सबसे पहले चॉकलेट बनाने वाले लॉग मैक्सिको और मध्य अमेरिका के ही थे। मैक्सिको पर स्पेन का कब्जा होने के बाद वहां का राजा भारी मात्रा में कोको के बीज और चॉकलेट बनाने वाले यंत्र लेकर स्पेन चला गया था। वहां उसने पहले चॉकलेट ड्रिंक परोसी थी, लेकिन उसके स्वाद को बेहतर बनाने के लिए इस ड्रिंग में वेनिला, चीनी और दालचीनी मिला दी। चॉकलेट से बनने वाले व्यंजन आज दुनियाभर में चॉकलेट को सिर्फ सामान्य रूप से खाने के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाता, बल्कि चॉकलेट से कई प्रकार के व्यंजन बनते हैं। चॉकलेट से कई प्रकार के केक बनाए जाते हैं, चॉकलेट सुशी, चॉकलेट नूडल, चॉकलेट मंचूरियन। इसके अलावा कई तरह की ड्रिंक, शेक और आइसक्रीम में भी चॉकलेट का इस्तेमाल होता है। चॉकलेट खाने के फायदे चॉकलेट खाना काफी फायदेमंद होता है।

डॉक्टर भी कई बीमारियों से बचने के लिए चॉकलेट खाने के लिए कहते हैं। हालांकि चॉकलेट खाने के नुकसान भी हैं। आइए जानते हैं चॉकलेट खाने के फायदेः- - कई स्टडी में इसका दावा किया जा चुका है कि चॉकलेट खाने से आपका स्ट्रेस लेवल कम होता है। चॉकलेट में ऑक्सीडेटिव होता है, जो तनाव घटाने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। - इसके अलावा चॉकलेट वजन कम करने में भी फायदेमंद होती है। एक शोध में यह देखा गया कि अगर नियमत रूप से चॉकलेट का सेवन किया जाए, तो इससे बॉडी मास इंडेक्स को सही रखा जा सकता है।

- डार्क चॉकलेट में पाया जाने वाला पॉलीफेनोल शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है, जो छऊछ यानी बेड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में फायदा पहुंचाते हैं।

# निजी स्कूलों की समस्या पर सरकार ध्यान दें

**संगठन सचिव रणधीर कौशिक ने कहा कि सरकार का ये जो आंकड़ा 5879 यू डायस कोर्ड विद्यालय हैं ऐसी बात नहीं है इससे तीन गुना ज्यादा विद्यालय हैं जिन्हें यू डायस कोर्ड नहीं मिला है, वहाँ पर भी लाखों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उनके भविष्य के लिए सभी विद्यालयों को यू डायस कोर्ड देना चाहिए। सरकारी आंकड़ा के मुताबिक 837879 छात्र और 46 421 शिक्षक हैं। सरकार को सोचना चाहिए कि हम इतने बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। साथ ही 46 हजार से ज्यादा शिक्षक, 6 हजार विद्यालय संचालक, गैर शैक्षणिक कर्मचारी, ऑटो रिक्शा वाले, स्टेशनरी दुकान वाले खोमचे वाले कई तरह से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक रूप से जुड़े लोग आखिर इन निजी स्कूलों पर ही आश्रित हैं। अतः सरकार ऐसे विद्यालयों को साथ लेकर चले बल्कि सी एन टी एक्ट और एस पी टी एक्ट , के साथ गैर मजूरवा जमीन उपलब्ध करा कर हमें मजबूत करें। झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के मोजाहिददुल इस्लाम महासचिव ने कहा कि सरकार का यह मानना है कि इस तरह के निजी विद्यालय बिना मान्यता के चल रहे हैं। इस सम्बंध में कहना है कि इन सभी विद्यालयो को शिक्षा विभाग के माध्यम से यू डायस कोर्ड उपलब्ध कराया गया है जिसके अंर्तगत ये सभी विद्यालय प्रति वर्ष स्कूल का सम्पूर्ण डाटा सरकार को उपलब्ध कराती है जिसमें विद्यालय का संरचना, कमरे का साइज, वॉशरूम की व्यवस्था, लाईब्रेरी से लेकर बच्चों का और शिक्षकों का सम्पूर्ण विवरण रहता है।**

झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की जूम बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में की गई, उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के सम्बंध में राज्य सरकार बहुत ही संजीदगी से मान्यता दिलाने हेतु आवश्यक कदम उठा कर लगातार कई दिनों तक क्रमवार चर्चा किया गया। विदित हो कि झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लगातार पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगनाथ महतो, पूर्व केबिनेट मंत्री माननीय आलमगीर आलम, माननीय विधायक राजेश कच्छप, केबिनेट मंत्री माननीय दीपिका पांडेय, माननीय विधायक लुइस मरांडी, पूर्व शिक्षा मंत्री माननीय बन्धु तिर्की जी से कई चरणों में प्रतिनिधि मंडल मिला और इनलोगों के अथक प्रयास से माननीय मुख्यमंत्री और माननीय शिक्षा मंत्री एक कमिटी गठन करने का निर्णय लिए, इस कार्य के लिए पूरे झारखण्ड के निजी स्कूलों के संचालकों की ओर से धन्यवाद दिया

उन्होंने कहा कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2019 में संशोधित नियम प्रमुखता से जमीन सम्बन्धी बाध्यता जिसमें वर्ग आठवीं तक मध्य विद्यालय के लिए शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 1 एकड़ और प्राथमिक विद्यालय वर्ग पांचवी तक के लिए शहरी क्षेत्र में 40 डिसमिल और ग्रामीण क्षेत्र में 60 डिसमिल किया गया था जिसे वर्तमान सरकार जमीन सम्बन्धी बाध्यता को खत्म कर कम करने जा रही है। जो एक स्वागत योग्य कदम है , लेकिन सच्चाई ठीक इसके विपरीत है, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी और माननीय शिक्षा मंत्री श्री राम दास सोरेन जी को अवगत कराते हुए कई बार झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मांग पत्र के माध्यम से जमीन संबधी बाध्यता को पूर्ण रूप से खत्म कर भवन की संरचना के अनुसार मान्यता दिया जाय। क्योंकि (1) स्कूल के अगल बगल में खाली जमीन नहीं है जो खरीद कर रकबा बढाया जा सकता है। (2) अब जमीन का कीमत इतना हो गया है कि शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह कीमत आसमान छूने लगा है जो किसी भी कीमत पर जमीन खरीद कर विद्यालय चलाना सम्भव नहीं है। अतः इसे रकबा में न बांध कर भवन संरचना में निर्धारित करना चाहिये। इसके लिए शिक्षा विभाग अपनी एक कमिटी बना कर प्राथमिक या मध्य विद्यालय तक मान्यता दे।

झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के मोजाहिददुल इस्लाम महासचिव ने कहा कि सरकार का यह मानना है कि इस तरह के निजी विद्यालय बिना मान्यता के चल रहे हैं । इस सम्बंध में कहना है कि इन सभी विद्यालयो को शिक्षा विभाग के माध्यम से यू डायस कोर्ड उपलब्ध कराया गया है जिसके अंर्तगत ये सभी विद्यालय प्रति वर्ष स्कूल का सम्पूर्ण डाटा सरकार को उपलब्ध कराती है जिसमें विद्यालय का संरचना, कमरे का साइज, वॉशरूम की व्यवस्था, लाईब्रेरी से लेकर बच्चों का और शिक्षकों का सम्पूर्ण विवरण रहता है। इतना तक कि कितने बच्चे किस वर्ग में किस कैटेगरी के लड़का लड़की सहित दिया जाता है।

एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो ने कहा कि सभी बच्चों को झारखण्ड अधिविद्य परिषद के माध्यम से वर्ग आठवीं का परीक्षा भी करती है। सिर्फ मान्यता का सर्टिफिकेट नहीं है बाकी सब किया जाता है। ऐसी परिस्थिति में झारखण्ड सरकार को जल्द से जल्द बिना शर्त मान्यता देना चाहिए।

सचिव अमीन अंसारी ने कहा कि हम लोग कम से कम शुल्क ले कर उत्तम क्वालिटी के साथ गुणवत्ता पूर्ण अच्छी शिक्षा देते हैं , अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करते हैं तभी बच्चे हम जैसे छोटे निजी विद्यालयों में आते हैं।

संगठन सचिव रणधीर कौशिक ने कहा कि सरकार का ये जो आंकड़ा 5879 यू डायस कोर्ड विद्यालय हैं ऐसी बात नहीं है इससे तीन गुना ज्यादा विद्यालय हैं जिन्हें यू डायस कोर्ड नहीं मिला है, वहाँ पर भी लाखों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उनके भविष्य के लिए सभी विद्यालयों को यू डायस कोर्ड देना चाहिए। सरकारी आंकड़ा के मुताबिक 837879 छात्र और 46 421 शिक्षक हैं । सरकार को सोचना चाहिए कि हम इतने बच्चों का भविष्य बना रहे हैं । साथ ही 46 हजार से ज्यादा शिक्षक, 6 हजार विद्यालय संचालक, गैर शैक्षणिक कर्मचारी, ऑटो रिक्शा वाले, स्टेशनरी दुकान वाले खोमचे वाले कई तरह से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक रूप से जुड़े लोग आखिर इन निजी स्कूलों पर ही आश्रित हैं। अतः सरकार ऐसे विद्यालयों को साथ लेकर चले बल्कि सी एन टी एक्ट और एस पी टी एक्ट , के साथ गैर मजूरवा जमीन उपलब्ध करा कर हमें मजबूत करें।

बैठक में मुकेश सिंह, सुभोजित अधिकारी, सुभाष कुमार, सचिदानन्द कुमार, नीलम शर्मा, कैलाश कुमार, अब्दुल मजीद, अजय सिंह, अब्दुल बारीक, मो शामी, अजय किशोर, मो नौशाद, लक्ष्मी नाथ, प्रकाश महतो, संजय कुमार, हेमंत तिवारी, रामजीत साहू, साबिर हुसैन, सहित कई विद्यालय के संचालक उपस्थित थे।

# आखों की रोशनी बचाने वाले योगासन

**स्वामी मुक्तरथ**

आंखें हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल हैं लेकिन अक्सर हम अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे कम उपाय करते हैं। आजकल युवाओं यहां तक कि बच्चों की भी आंखें कमजोर हो रही हैं। त्राटक अभ्यास आपको अंधेपन से दूर रखने में सहायक होता है। हम आंखों के लिए ऐसे ही कुछ आसन के बारे में बता रहे हैं। हलासन पीठ के बल पर लेट जाइए। अपनी हथेलियों को शरीर के साथ फर्श पर रखिए। अब अपने पैरों को 90 डिग्री पर ऊपर की तरफ उठाएं। अपनी हथेलियों को फर्श पर टिकाए रखें और अपने पैरों को सिर के पीछे की तरफ ले जाएं। अपनी कमर को भी ऊपर उठाते हुए पैर से सिर के पीछे फर्श को छूने की कोशिश करें। इस प्रक्रिया में हाथों से अपनी कमर को सहारा देते हुए कम्फर्ट बनाए रखें और कुछ क्षण तक इस मुद्रा में रहें। कूल्हों को ऊपर उठाएं, घुटनों और कोहनियों को सीधा करें और शरीर को अंग्रेजी के 'ए' की मुद्रा में बनाएं।अपनी हथेलियों पर दबाव डालें और अपने कंधे के ब्लेड खोलें। अपनी एड़ी को फर्श पर धकेलने की कोशिश करें। 8 से 10 बार सांस लेने तक रुकें। अपने दाहिनी नाक को अपने अंगूठे से धीरे से बंद करें, अपने बाईं नाक में सांस लें और इसे बंद करें। सांस को दाहिने नथुने से बाहर निकालें। फिर अपने दाएं से सांस लें और इसे बंद करके केवल अपने बाएं से सांस छोड़ें। इसे कई बार करें। त्राटक ध्यान अपने सामने एक कोई दीपक या लौ जलाएं। इसे आंख की सीध में रखें। इस लौ को स्वयं से उतनी दूरी पर रखें जितनी आपकी लंबाई है।

**खराब होता पर्यावरण और हम**



साभार : कार्टून मूवमेंट

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद जमशेदपुर के गोलमुरी क्षेत्र में स्थित है। शहर के चर्चित व्यंग्यकार अरविंद विद्रोही द्वारा स्थापित इस संस्था का उद्देश्य भोजपुरी भाषा और साहित्य का संरक्षण और संवर्धन करना है। परिषद का भवन गोलमुरी एबीएम कॉलेज के ठीक सामने 6 डिसिमल जमीन पर बना हुआ है। फिलहाल परिषद के भवन के विस्तार का काम चल रहा है जो पूर्व विधायक सरयू राय के विधायक कोटे से स्वीकृत हुआ था।

# जय श्रीराम के गगन भेदी नारों से गूंजी लौहनगरी गाजे-बाजे के साथ निकली रामनवमी शोभा यात्रा



एग्रिको से निकली शोभा यात्रा में शामिल हिन्दू नेता।



एग्रिको से निकली शोभा यात्रा में भष्म आरती पेश करते कलाकार।



डिमना चौक से निकलती भव्य शोभा यात्रा।

## ब्रम्हर्षि भवन,कदमा में स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136वीं जयंती आज, गोलू व निशा देंगे प्रस्तुति

**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता सेनारी और किसान आंदोलन के जनक स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136 वीं जयंती 30 मार्च को कदमा के ब्रह्मर्षि भवन में भव्य तरीके से आयोजित किया जायेगा। ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान आंदोलन के प्रणेता थे। किसान आंदोलन की लड़ाई हर जाति समाज के लिए लड़ी। उनके विचार धारा को समाज जन-जन तक फैलाने का काम समाज करेगा। स्वामी सहजानंद सरस्वती कल्याण संस्थान की ओर से जयंती समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। संस्थान के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने बताया कि शाम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें भोजपुरी के लोकप्रिय गायक गोलू मुंडा व गायिका निशा पांडे अपने भोजपुरी गीतों से दर्शकों को झुमायेंगे। महासचिव जय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह, पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत महतो, पूर्व सीएम रघुवर दास, समेत समाज के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## जुलूस में आकर्षण का केंद्र रहे करतब और झांकियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी शनिवार को भव्य हिन्दू नववर्ष शोभा यात्रा क्रमशः डिमना चौक,मानगो और एग्रिको दुर्गापूजा मैदान से निकाली गयी। यद्यपि कड़ी धूप के चलते दोनों स्थानों से हिन्दू नववर्ष शोभा यात्रा अपरान्ह चार बजे से ही निकली। गाजे-बाजे, झांकियों एवं जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के बीच शोभा यात्रा विशाल जनसमूह के साथ रवाना हुई। शोभा यात्रा को देखते हुए डिमना चौक से मानगो पुल और वहां से ओल्ड बुक स्टोर अंबेडकर चौक होते हुए शोभा यात्रा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान, आम बगान साकची पहुंची जबकि दूसरी शोभा यात्रा एग्रिको मैदान से निकल कर भालूबासा, काशीडीह होते हुए आम बगान पहुंची। यहां पर 21 फीट ऊंची भारत माता की तस्वीर के सामने महा आरती के साथ देर शाम शोभा यात्रा संपन्न हो गई। डिमना चौक पर शोभा यात्रा का नेतृत्व विधायक सरयू राय, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने समर्थकों संग किया। डा कविता परमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं भी भगवा साड़ी एवं पगड़ी पहन कर शोभा यात्रा में शामिल हुईं।

### भीषण गर्मी के बावजूद राम भक्तों का उत्साह कायम रहा



डिमना चौक से शोभा यात्रा में शामिल विधायक सरयू राय के साथ नीरज सिंह और उपेंद्र सिंह मस्तान।

## जय श्री राम के उदघोष के साथ पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता हिंदू नववर्ष यात्रा में हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शनिवार को डिमना से निकलने वाली हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित हिंदू नववर्ष यात्रा में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शामिल हुए, इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न मंदिरों में भी पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी यहां हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं, यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है। यह केवल एक नया वर्ष शुरू होने का संकेत नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा, और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि हिंदू नव वर्ष हमें नई ऊर्जा, नए संकल्प, और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि समय चक्र में हर वर्ष एक नई शुरूआत लेकर आता है, जिसमें हम अपने भीतर और समाज में नई सोच, नई दिशा और नई प्रेरणा को जन्म दे सकते हैं। बन्ना गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्कृति में नववर्ष को दिव्यता, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति के रूप में मनाने की परंपरा है। यह समय है पुराने दुखों और बुरी आदतों को छोड़कर, नई सकारात्मकता और उन्नति की ओर बढ़ने का।

स्पीड न्यूज

### चार नाबालिग मजदूरों का कराया गया रेस्क्यू



गम्हरिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरायकेला के निर्देशानुसार, शनिवार को डीएलएसए के पैरा लीगल वोलेंटियर्स द्वारा गम्हरिया क्षेत्र में कई होटलों व गैराजो ने जांच अभियान चलाया गया। वालंटियर बिट्टू प्रजापति ने बताया की क्षेत्र भर से बाल मजदूरी की शिकायतें मिलने के बाद डीएलएसए सचिव मोहम्मद तौसीफ मेराज के द्वारा एक टीम गठित कर अभियान चलाया जा रहा है। इस टीम में डीएस के पैरा लीगल वॉलिंटियर्स एवं सीडब्ल्यूसी संस्था के युवा सदस्यों के साथ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को गम्हरिया क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान केरला पब्लिक स्कूल तथा गम्हरिया थाना के समीप स्थित गैरेज में काम करने वाले चार नावालिग मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। तत्पश्चात, उन गैरेज मालिकों को भविष्य में नावालिग बच्चों से मजदूरी नहीं कराने की चेतावनी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह कार्य दंडात्मक प्रक्रिया में आता है। रेस्क्यू किए गर चारों बच्चों को उनके आधार कार्ड के अनुसार पते पर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया और अभिभावकों से उन्हें उचित शिक्षा प्राप्त करने के लिए निकट के सरकारी विद्यालयों में दाखिला लेने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान जुझार सोरेन, वीणा रानी महतो, सुकरंजन कुमार, मुकेश कुमार पांडे, समीर कुमार महतो आदि वोलेंटियर मौजूद थे।

### रेडक्रॉस के शिविर में ऑपरेशन के लिए 45 रोगी चिन्हित

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा एसटीपी लि के सीएसआर के तहत आयोजित 765वें नेत्र ज्योति यज्ञ में आज 82 नेत्र रोगियों के जांच के साथ शिविर का उद्घाटन हुआ। नेत्र चिकित्सक डॉ राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने नेत्र रोगियों के आंखों की जांच किया तथा 45 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के योग्य पाया। नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र चिकित्सक डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ मलय द्विवेदी, डॉ राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया जायेगा। आज जांच सत्र का संचालन कर रहे रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय सिंह ने बताया कि एसटीपी लि इस वर्ष 200 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण अपने सामाजिक उत्तरदायित्व अभियान से करवा रही है। इस दौरान रेड क्रॉस कार्यकर्ता राकेश मिश्र, अशोक घोषाल, राधेश्याम, आशीष सिंह ने सफल बनाया।

# धर्म परिवर्तन करने वालों को एसटी सूची से हटाना जरूरी : चंपई सोरेन

### आदिवासी समुदाय को अस्तित्व बचाने के लिए एकजुटता पर दिया बल

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



गम्हरिया में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते चंपाई सोरेन।

**गम्हरिया।** आदिवासी समुदाय को एकजुट करने और राज्य से घुसपैठियों को भगाने की मुहिम पर निकले पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। गम्हरिया के टायो गेट के समीप सरना उमूल में प्रेस वार्ता कर उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी है, उसके पीछे ऐसे कई कारण हैं। कहा कि पहले तो उन्होंने वर्ष 1961 में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे 'आदिवासी धर्म कोड' को जनगणना से हटवाया। उसके बाद झारखंड आंदोलन के समय कई बार आदिवासियों पर गोली चलवाने का दुस्साहस भी कांग्रेस की सरकार ने किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सन 1967 में महान आदिवासी नेता बाबा कार्तिक उरांव ने संसद में डिलिस्टिंग प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें उन्होंने धर्म बदल चुके लोगों को आरक्षण से बाहर करने की बात कही थी। उनके प्रस्ताव को तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा संसदीय समिति को भेज दिया गया।इस विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने काफी छानबीन की और 17 नवंबर'1969 को अपनी सिफारिशें दीं। उनमें प्रमुख सिफारिश यह थी कि कोई भी व्यक्ति जिसने आदिवासी परंपराओं का परित्याग कर दिया हो और ईसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया हो, वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाएगा। मतलब धर्म परिवर्तन के बाद उस व्यक्ति को अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। उसके बाद भी जब साल भर तक कुछ नहीं हुआ तो कार्तिक उरांव ने 322 लोकसभा सदस्य और 26 राज्यसभा सदस्यों के हस्ताक्षरों का एक पत्र तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दिया, जिसमें यह जोर देकर कहा गया था की वे विधेयक की सिफारिशों का स्वीकार करें, क्योंकि यह करोड़ों आदिवासियों के अस्तित्व का प्रश्न हैं। किंतु ईसाई मिशनरियों के प्रभाव में कांग्रेस सरकार ने विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति का मतलब सिर्फ पूजन पद्धति नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवनशैली है। जन्म से लेकर शादी-विवाह एवं मृत्यु तक हमारे समाज की सभी प्रक्रियाओं को मांझी परगना, पाहन, मानकी मुंडा, पड़हा राजा एवं अन्य पूरा करवाते हैं। जबकि धर्मांतरण के बाद वे लोग सभी प्रक्रियाओं के लिए चर्च में जाते हैं। वहाँ मरांग बुरुह्व या सिंग बोंगा की पूजा होती है क्या? हमारी परंपराओं से दूर हटने के बावजूद ये लोग आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं। जबकि सरना आदिवासी समाज के बच्चे इस रेस में पिछड़ते जा रहे हैं। अगर इस धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो भविष्य के हमारे सरना स्थलों, जाहेरथान और देशाउली आदि में कौन पूजा करेगा? ऐसे तो हमारी संस्कृति ही खत्म हो जायेगी और हमारा अस्तित्व ही मिट जाएगा।

## बिरसा मुंडा टाउन हॉल में आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया



**जमशेदपुर।** बिरसा मुंडा टाऊन हॉल परिसर में शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम (एसएचडब्लुपी) के तहत जिले के सभी 11 प्रखंडों से पांच- पांच उत्कृष्ट विद्यालयों के उत्कृष्ट 110 आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज (सी- 3) के तकनीकी सहयोग से जिला टाउन हॉल में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वाधान में आयोजित विद्यालय स्वास्थ्य एवं एसएचडब्लुपी के तहत सम्मान समारोह में सभी प्रखंडो से उत्कृष्ट कार्य कर रहे पांच पांच विद्यालयों से 110 आरोग्य दूतों शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला के मुख्य अतिथि चिकित्सा अधिकारी सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

एक नजर में

## इस्ट प्लांट बस्ती में नौ कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आज से, निकली भव्य कलश यात्रा





जमशेदपुर। बमार्माइंस इस्ट प्लांट बस्ती में शनिवार को नौ कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया है। कलश यात्रा के आयोजन के साथ सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा, श्री राम कथा 5 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत सोनारी दोमुहानी नदी से कलश यात्रा के साथ हुई जिसमें सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा में 1237 महिलाएं शामिल हुई। स्वर्णरेखा नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। उसके बाद विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंचे और कलश स्थापित किया गया। कलश यात्रा में भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाएं, पुरुष ढोल-नागड़ों पर पर बजते भजनों पर नाचते रहे। कलश यात्रा में बैंडबाजे घोड़े के साथ धार्मिक संगीत ने पूरे क्षेत्र का माहौल भक्ति में बना दिया। बड़ी संख्या में पीतांबर वस्त्रधारी महिलाएं, पुरुष आकर्षण का केंद्र रहे। बता दें कि ईस्ट प्लांट बस्ती बमार्माइंस में 29 मार्च से पांच अप्रैल तक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में स्वामी सुंदर राज जी, जनार्दन तिवारी, राजेश झा, नागेंद्र सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, राजकिशोर शाही, उमा शंकर शर्मा, बिनोद शाही, गंगाधर पांडे, चिंटू सिंह, प्रदीप कुमार झा, कामेश्वर सिंह, प्रदीप कुमार मल्लिक ,राज किशोर शाही, मनोज श्रीवास्तव, मन मोहन चौबे, अरुण श्रीवास्तव, संजय तिवारी, मदन मोहन श्रीवास्तव, संतोष ठाकुर, संजय, चंदन कुमार झा, छोटू कुमार, हीरा झा,अनमोल सिंह, जवाहर प्रसाद, संजीव पांडे, राम सूरत राम, अर्चिता, अन्नू चौबे, मीरा तिवारी, अनिमा मंडल, मंजू, निशि देवी,बिंदु देवी, रेखा देवी, ममता, संगीता, योगी सिंह, विजय शाही, विनीता मिश्रा, रिपु शर्मा, राजेश कुमार सिंह, निशा सिंह, मिंटू मिश्रा, मन्नू शाही, ममता चौबे, सहित बहुत संख्या में शामिल थे।

**यज्ञ में शामिल होंगे 45 यजमान :** 30 मार्च को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन से अग्नि देवता को प्रकट किया जायेगा। 30 मार्च से पांच अप्रैल तक हर दिन पूर्वाह्न सात बजे हवन होगा। अपराह्न एक बजे रूद्राभिषेक किया जायेगा। नौ कुंडीय यज्ञ हो रहा है। हर कुंड में पांच यजमान पूजा करेंगे। इस प्रकार 45 यजमानों द्वारा हवन किया जायेगा। यज्ञ स्थल पर हर दिन सुंदरकांड का पाठ भी होगा।

**आज से श्रीमद्भागवत कथा और श्रीराम कथा :** यज्ञ स्थल पर आज से 4 अप्रैल तक हर दिन अपरान्ह 3.00 बजे से श्रीमद्भागवत कथा और श्रीराम कथा तक होगी। प्रति दिन अपराह्न तीन बजे कथा शुरू होगी। त्रिदंडी स्वामी के शिष्य संत सुंदर राज (यतिराज) महाराज कथावाचन करेंगे। पांच अप्रैल को पूणार्हुति के साथ भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इसी दिन संतों की विदाई भी होगी।

## आज सेमी फाइनल के लिए नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी व जमशेदपुर एफसी के बीच मुकाबला





खबर मन्त्र ब्यूरो

**शिलांग।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे यहां अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 प्लेऑफ के दूसरे वन-लेग नॉकआउट मुकाबले में जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी, तो दोनों टीमों का लक्ष्य जीत से सेमीफाइनल में पहुंचना होगा। हाईलैंडर्स 24 मैचों में 10 जीत, आठ ड्रा और छह हार से 38 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर रहे। जमशेदपुर एफसी ने 24 मैचों में 10 जीत, आठ ड्रा और छह हार से 38 अंक लेकर तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया। हाईलैंडर्स जमशेदपुर एफसी (3 जीत, एक ड्रा) के खिलाफ चार मैचों से अपराजित चल रहे हैं।

## बिगड़ती विधि-व्यवस्था से विधायक पूर्णिमा नाखुश

### एसएसपी से की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं में हुई वृद्धि और कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने गहरी चिंता जताई है। आम नागरिकों की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल से मुलाकात की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव भी मौजूद रहे। एसएसपी कार्यालय में हुए इस मुलाकात के दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने एसएसपी किशोर कौशल को एक विस्तृत पत्र सौंपा, जिसमें क्षेत्र में व्याप्त अपराध की गंभीर स्थिति पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की गई। विधायक पूर्णिमा साहू ने बताया कि हाल के दिनों में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में हत्या, चोरी, छिनतई, छेड़खानी, नशाखोरी और अवैध कारोबार जैसी घटनाओं में वृद्धि हुई है। पूर्णिमा ने खास तौर पर सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में हुई बागुन नगर निवासी विजय कुमार नंद्राजोग की निर्मम हत्या की घटना का जिक्र करते हुए इसे अत्यंत चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि जनता में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है, जिसे रोकने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## अशेष रचित 'भोर गढ़ता संवाद' लोकार्पित



जमशेदपुर। सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन/तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मानस सभागार में नगर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार अनिरुद्ध त्रिपाठी 'अशेष' का एक साक्षात्कार 'भोर गढ़ता सम्वाद' का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाटा मोटर्स के पूर्व उपमहाप्रबंधक डॉ चन्देश्वर खां तथा संचालन साहित्य समिति के दिव्येन्दु त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि के रुप में जमशेदपुर पूर्व की विधायक पूर्णिमा साहू एवं विशिष्ट अतिथि टाटा मोटर्स के महाप्रबंधक (इआरसी) उपस्थित रहे। जबकि मुख्य वक्ता के रुप में कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ बाल मुकुन्द पैनाली सहित तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी एवं अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका मंचासीन रहे। सरस्वती वंदना उपासना सिन्हा ने प्रस्तुत किया। स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने दिया। लोकार्पित पुस्तक पर पाठकीय प्रतिक्रिया मुख्य वक्ता डॉ बाल मुकुन्द पैनाली ने प्रस्तुत किया। इसके बाद अनिरुद्ध त्रिपाठी 'अशेष' का गद्यात्मक परिचय शैलेन्द्र पाण्डेय 'शैल' तथा काव्यात्मक परिचय डॉ यमुना तिवारी 'व्यथित' ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन तुलसी भवन के उपाध्यक्ष राम नन्दन प्रसाद द्वारा दी गई। इस अवसर पर डॉ अजय कुमार ओझा, डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती', डॉ उदय प्रताप हयात, जय प्रकाश राय, पूनम महानंद, जीतेश तिवारी, नीलिमा पाण्डेय, राजदेव सिन्हा, बलविन्दर सिंह, शैलेन्द्र अस्थाना, ज्योत्सना अस्थाना, सुरेश दत्त पाण्डेय प्रणय', कवलेश्वर पाण्डेय, सरोज सिंह 'मधुप' अनिल श्रीवास्तव सहित अनेक साहित्यकारों एवं नगर के प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही।

## एक्सएलआरआइ के 69 वें दीक्षांत समारोह में 595 विद्यार्थियों को मिला सर्टिफिकेट

### आइटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी को मिला सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो



संजीव पुरी को अवार्ड देते टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।



दीक्षांत समारोह में उपस्थित एक्सएलआरआई के छात्र- छात्राएं।

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के 69वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन उपस्थित थे। इस दौरान संस्थान के कुल 595 विद्यार्थियों के साथ ही इसके तीन प्रोफेसरों एवं 14 प्रशासनिक कर्मचारियों को 15 वर्षों की सेवा के लिए लॉन्ग सर्विस मेडल से सम्मानित किया गया।

दीक्षांत समारोह के दौरान आइटीसी के चेयरमैन सह एमडी संजीव पुरी को प्रतिष्ठित सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस अवार्ड से भी नवाजा गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर 595 छात्रों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्राप्त की, जिससे यह आयोजन शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इस दौरान एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर डॉ. (फादर) सेबेस्टियन जॉर्ज, एस जे डीन एकेडमिक्स डॉ संजय के पात्रो, डीन, डीन एडमिन एंड फाइनांस डॉ (फादर) डोनाल्ड डीसिल्वा, एस जे समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## डायट चाकुलिया का नई शिक्षा नीति पर दो दिवसीय सेमिनार संपन्न



चाकुलिया। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, चाकुलिया के तत्वावधान में 27 और 27 मार्च को दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का विषय था: विकसित भारत के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझना और लागू करना। इस सेमिनार में पूर्वी सिंहभूम के सभी प्रखंडों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। सेमिनार में 40 शिक्षकों/प्राध्यापकों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किये। बड़ी संख्या में केस स्टडीज भी प्रस्तुत किये गया। डॉ प्रियंका झा ने डाक्यूमेंट्री बनाकर अपनी प्रस्तुति दी। इस दो दिवसीय सेमिनार के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में रंभा कालेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ कल्याणी कबीर, विशिष्ट अतिथि युगांतर प्रकृति के प्रधान संपादक आनंद सिंह तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ त्रिपुरा झा ने की।

### रामनवमी और ईद पर उपद्रवियों से सख्ती से निबटने के लिए तैयार है धनबाद पुलिस

# सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर, अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** पुलिस ने आगामी त्योहारों–ईद, रामनवमी, नवरात्रि और छठ महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस लाइन में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में जिला पुलिस के जवानों और अधिकारियों ने संभावित उपद्रवी घटनाओं से निपटने की रणनीति का अभ्यास किया।सामाजिक तत्व उपद्रव फैलाने की कोशिश करते हैं, तो पुलिस उनसे कैसे निपटेगी। सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक या गलत सूचना फैलाई जाती है तो वैसे आरोपियों के विरुद्ध भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस की मीडिया सेल सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कड़ी निगरानी रख रही है। पुलिस की पैनी नजर उन शरारती तत्वों पर भी है जो किसी भी तरह से कानून-व्यवस्था भंग करने की संभावित कोशिश कर सकते है।शहर के संवेदनशील इलाकों में हर महत्वपूर्ण स्थान पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी की जाएगी और सभी संवेदनशील इलाकों में निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा।

धनबाद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को डायल 112 पर दें अथवा पुलिस कंट्रोल रूम से 8210840901 एवं 2311217 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

मॉक ड्रील के दौरान मौजूद डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाएं। अगर कोई शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू का भूख हड़ताल छठे दिन भी जारी

# प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं करने पर समर्थकों में आक्रोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** ईसीएल मुगमा एरिया के गोपीनाथपुर कोलियरी में कार्यरत जीसीपीएल कंपनी में स्थानीय लोगों को रोजगार देने सहित 6 सूत्री मांगों को लेकर जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू द्वारा परियोजना प्रभावित गोपीनाथपुर बेरोजगार समिति के बैनर तले चल रहा भूख हड़ताल शनिवार को छठे दिन भी जारी है। भूख हड़ताल के छठे दिन प्रबंधन द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से जिप सदस्य समर्थकों का सब्र का बांध टूट गया तथा उन्होंने जीसीपीएल कंपनी के डीजल टैंकर को गोपीनाथपुर कोलियरी मोड़ के समीप लगभग 2 घंटे तक रोक दिया। बाद में पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को समझाएं जाने के बाद लोगों ने टैंकर जाने दिया। जिप सदस्य समर्थकों का कहना है कि यदि प्रबंधन जल्द से जल्द मामले का समाधान नहीं करता है तो हम लोग प्रोग्राम आंदोलन के लिए बाद में होंगे। साथ ही यदि जिप सदस्य के साथ कोई अनहोनी होती है तो उसके लिए भी जीसीपीएल प्रबंधन जिम्मेवार होगी।



हालांकि मामला इतना बिगड़ने के बावजूद शनिवार को भी जीसीपीएल प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार का वार्ता का कोई पहल नहीं किया गया। इससे भूख हड़ताल पर बैठे जिप सदस्य समर्थकों में आक्रोश व्याप्त है। वही इस संबंध में जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू ने कहा कि जब तक हमारी मांगे नहीं मान ली जाती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

## स्पीड न्यूज

### शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति ने पार्क विकसित करने की मांग

**धनबाद।** दामोदर ब्रीज (तेलमच्चो) पर स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो पार्क को विकसित करने को लेकर एनएचआई को शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति ने पत्र लिखा है। समिति ने मांग की है कि 5 अप्रैल को शाहिद के शहादत दिवस से पूर्व उक्त पार्क को झूला, फलदार वृक्ष तथा अन्य साज-सज्जा कर दिया जाए। ताकि शहादत दिवस ठीक से मनाया जा सके। उक्त स्थल पर श्रद्धांजलि सभा होगी। पूरे राज्य भर के जन-मानस को शहीद के गाथों को नई पीढ़ी प्रेरणा ले और देश एवं राज्यहीत में काम करें। स्मारक समिति में प्रदीप महतो, हीरालाल महतो, निमाई महतो आदि लोग मौजूद रहे।

### धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन अब जून तक

**धनबाद।** गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखकर रेलवे ने धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। 03309 धनबाद-जम्मूतवी के परिचालन में 01 अप्रैल से 28 जून तक बढ़ोतरी की गई है। यह ट्रेन धनबाद से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को खुलेगी। 03310 जम्मूतवी-धनबाद के परिचालन में 02 अप्रैल से 29 जून तक बढ़ोतरी की गई है। यह बुधवार एवं रविवार को जम्मूतवी से खुलेगी।

### डंके की चोट पर अवैध बालू की तस्करी

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा में डुमुरकुंडा घाट से ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध बालू की ढुलाई जारी है। अवैध बालू की धुलाई करने वाले सिंडिकेट में सात लोगों का 10 ट्रैक्टर से बालू की ढुलाई हो रही है। प्रति रात पुलिस से बेखोफ होकर चिरकुंडा का बालू तस्कर बालू का अवैध धंधा जोरो से चला रहे हैं। पुलिस प्रशासन को इसका भनक तक नहीं लग रहा है। रात में ही पार्टी के घर पर, पार्टी के रोड पर बालू गिरकर तुरंत चले जाते हैं। रोड के किनारे बालू गिरा हुआ आप देख सकते हैं। इस तरह का अवैध बालू का काम करके राज्य सरकार का राजस्व पर डाका डाल रहे हैं। जबकि जिला खनन विभाग की ओर से बालू के उठाओ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दी गई है। इसके बावजूद भी चिरकुंडा क्षेत्र में अवैध बालू का उठाव धड़ले से जारी है।

### 4 अप्रैल को धनबाद-गया रूट पर 160 को स्पीड दौड़ेगी ट्रेन

**धनबाद।** रेल मंडल ने 4 अप्रैल को धनबाद-गया रेल लाइन पर होने वाले स्पीड ट्रायल को लेकर शनिवार को सूचना जारी की। जिसमें बताया गया कि धनबादझ गया रेल खण्ड पर 160 किमी प्रति घंटे से स्पीड ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल के दौरान धनबाद- गया रेल लाइन के निकट न आएं तथा मवेशियों को भी ट्रैक से दूर रखें। साथ ही लेवल क्रासिंग को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थिति देखकर ही रेल लाईन पार करें। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, सड़क जाम

### बरवाअड्डा थानेदार और गोविंदपुर सीओ के आश्वासन के बाद जाम हटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलाटांड़ स्थित 8 लाइन सड़क पर शनिवार को ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में 20 वर्षीय राहुल गोप नमक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गिट्टी लोड ट्रैक्टर एक नाबालिक लड़का चला रहा था। रॉन्ग साइड से सड़क में प्रवेश करने के दौरान बाइक सवार को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे आनन फानन में एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले





जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा।

घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि प्रशासन की कमी के कारण शहर में आए दिन घटना हो रही है। जब तक ट्रैक्टर मालिक को नहीं बुलाया जाता हमलोग नहीं हटेंगे।

प्रदर्शन में शामिल मृतक के चाचा रमेश गोप ने बताया कि हमलोग पास के बगुला बस्ती के रहने वाले है। राहुल इंजीनियरिंग का छात्र था। वह कतरास से पूजा कर घर लौट रहा था, इसी दौरान घटना घटी है।राहुल के पिता धीरन गोप विकलांग हैं। घर का चिराग बुझ गया, अब उसे कौन लोटाएगा कहते कहते फफक कर रोने लगे। उन्होंने कहा हमे न्याय चाहिए।

सूचना मिलते ही बरवाअड्डा थानेदार और गोविंदपुर सीओ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझकर शांत कराया, न्याय दिलाने का भरोसा दिया, उसके बाद सड़क जाम हटाया गया। सड़क जाम के कारण करीब एक घंटा राहगीर परेशान रहे।

## एक नजर में

### रामनवमी महोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकली

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के ढांगी गांव स्थित संकट मोचन जोड़ा मंदिर से शनिवार को रामनवमी महोत्सव सह राम कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। दर्जनों गांव की महिलाएं माथे पर कलश लेकर जय श्री राधे, जय श्री कृष्ण, जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए कतरी जोरिया पहुंचे। आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरण करवाया गया। महिलाए वापस यज्ञ मंदिर पहुंची और कलश स्थापित किया। वेदी तथा पंचांग पूजन के साथ पूजन की शुरूआत हुई। मंदिर के संस्थापक सह हनुमंत साधक विश्वनाथ पाठक ने बताया कि इस नवाह पारायण में आचार्य बाल कृष्ण शास्त्री के द्वारा राम कथा सुनाई जाएगी। झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने कहा कि जोड़ा मंदिर लोगों के आस्था का केंद्र है। सालों भर यहां पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

### ईद व रामनवमी त्योहार के मद्देनजर जिले में निकाला गया फ्लैग मार्च

**धनबाद।** ईद और राम नवमी त्योहार के मद्देनजर जिले में विधि व्यवस्था संधारण व शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को संपन्न कराने के लिए



धनबाद पुलिस ने अपनी तैयारी मुकम्मल कर ली है। इसी उद्देश्य के तहत वरीय वरीय पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर सुमित कुमार के नेतृत्व में जिले में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च में बाइक पर सवार होकर पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने कोर्ट मोड़, पूजा टॉकीज, बैंकमोड़, धनसार, बस्ताकोला, झरिया, थाना मोड़, इंदिरा चौक, लोदना मोड़, फुसबंगला, नया बाजार, वासेपुर, शमशेर नगर, भूली, आजाद नगर, पांडरपाला, विनोद बिहारी चौक, नावाडीह, बाबूडीह, झाडूडीह, बेकारबाँध, सिटी सेंटर होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचा।

### खेशमी गांव में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा तालाब का जिर्णोद्धार कार्य व शिलान्यास किया गया

**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड अंतर्गत कुरकुटांड गांव एवं रामपुर पंचायत के खेशमी गांव में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा तालाब जिर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। विधायक महतो ने कहा कि तालाब के निर्माण कार्य पूरे होने पर किसानों को खेती में सिंचाई करने के लिए काफी सुविधा हो जाएगी। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरी लाल किस्कु, प्रखंड उपाध्यक्ष हकीमुद्दीन अंसारी, प्रखंड सचिव शत्रुघ्न मंडल, बलदेव मरांडी, बाबूसर हेंम्ब्रम सहित ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### लंगटा बाबा ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, खरगडीहा में वार्षिक खेल महोत्सव का हुआ समापन

**गिरिडीह।** खरगडीहा स्थित लंगटा बाबा ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में सैकड़ो विद्यार्थियों ने क्रिकेट, भाला फेंक, गोला फेंक, छल्ला फेंक, इत्यादि दर्जनों खेलो में भाग लिया। स्कूल के डायरेक्टर मनीष कुमार साव ने बताया की खेलो से बच्चों में मानसिक और शारीरिक विकास होता है। खेलो से बच्चों को देश का प्रतिनिधित्व करने और देश का नाम रौशन करने का मौका मिलता है। खेलो से ही बच्चे को अनुशासन की सीख भी मिलती है। खेल के समापन के साथ ही बच्चो को मैडल देकर पुरुस्कृत किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### हाड़ी समाज में आर्दश विवाह सम्पन्न

**कतरास।** भूली ट्रेनिंग स्कुल धनबाद निवासी जगदीश हाड़ी कि पूत्री सुनैना कुमारी एवं धमाबाँध निवासी रखाल हाड़ी के पूत्र शुभम कुमार हाड़ी का विवाह लिलोरी मन्दिर प्रांगन में समपन्न हुआ। दोनों पक्ष के परिजन की मौजूदगी में शादी हुई। हाड़ी जाति विकास मंच के जिला अध्यक्ष डब्लू हाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी हाड़ी, जिला सह-सचिव लखन हाड़ी, उपाध्यक्ष बब्लू हाड़ी एवं प्रदीप हाड़ी, जिला सक्रिय सदस्य रवि हाड़ी,संजय हाड़ी, बजरंगी हाड़ी, छोटका हाड़ी, अनील हाड़ी, बादल हाड़ी, विष्णु हाड़ी श्रवण हाड़ी, राजकुमार हाड़ी, गोविंद हाड़ी व फागु हाड़ी आदि उपस्थित थे।

## स. शि. वि. मंदिर बाघमारा में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

कतरास। स. शि. वि. मंदिर बाघमारा में कक्षा अरुण से नवम एवं एकादश वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारो ह का प्रारंभ मचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रभारी आचार्य राजेश कुमार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए विद्यालय में होने वाली सभी शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। आचार्या संध्या सिन्हा, विभा श्रीवास्तव और भारती सिन्हा ने वार्षिक परीक्षा परिणाम व सह शैक्षणिक गतिविधियों के परिणाम की घोषणा की। वार्षिक परीक्षा में कक्षा सह प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैयाझबहनों को तथा शिशु वर्ग, बाल वर्ग व किशोर वर्ग (नवम कक्षा) एवं तरुण वर्ग ( एकादश कक्षा) में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन एवं शत प्रतिशत उपस्थिति वाले भैया - बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में वर्ष भर विभिन्न सहशैक्षणिक गतिविधियों जैसे रंगोली, मेहंदी, थाल सज्जा ,कलश सज्जा, चित्रकला, प्रतिभा खोज परीक्षा साथ ही क्षेत्रीय और अखिल भारतीय स्तर पर अन्य गतिविधियों में स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को विद्यालय द्वारा पुरस्कार दिया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडे ने अपने उद्बोधन में सफल भैया-बहनों को बधाइयाँ दी तथा साथ ही सभी को परिश्रम करके निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व वरिष्ठ आचार्य सुभाष चौधरी ने अतिथियों का परिचय करवाया।

## गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शहरी क्षेत्रों में निकाला गया फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** आगामी त्योहारों ईद उल फितर, सरहुल, रामनवमी, चैती नवरात्र को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। आगामी त्योहारों को शांति, समाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा के साथ मनाने को लेकर आज पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार के नेतृत्व में गिरिडीह के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, ट्रैफिक डीएसपी, थाना प्रभारी, मुफस्सिल, थाना प्रभारी, पचंबा, थाना प्रभारी, टाऊन थाना समेत अन्य संबंधित अधिकारी, पुलिस कर्मी उपस्थित थे।



मौके पर पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जिलेवासियों के सामूहिक भागीदारी से त्योहार में शांति व्यवस्था कायम रहेगी। विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को मदद मिलेगी। जिले में अमन-चैन, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाये रखने में शांति समिति, प्रबुद्धजन, समाजसेवी एवं गणमान्य व्यक्तियों की अहम भूमिका है। शांति और भाईचारा जिले की पहचान है। रामनवमी, ईद-उल फितर एवं सरहुल पर्व के मद्देनजर जिले में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की आवश्यकता है। पर्व-त्योहार खुशियां मनाने और एक-दूसरे से प्रेम बांटने का अवसर प्रदान करता है। त्योहार में सभी लोग खुशियों का माहौल बनाएं रखें। संयमित और अनुशासित तरीके से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक त्योहार मनाएं। त्योहार के मद्देनजर प्रशासनिक आवश्क तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और तत्परता के साथ कार्य कर रही है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। दंडाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनाती कर दी गयी है। ड्रोन, सीसीटीवी, डिजिटल मीडिया के साथ-साथ सादे लिबास में भी प्रशासन निगरानी कर रही है। किसी भी तरह का उपद्रव व अफवाह फैलाने वाले असमाजिक व अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।वहीं मौके पर उपस्थित सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

# वार्ड तीन के 500 आबादी वाले हीरक कैंप मोहल्ले में पेयजल की सुविधा नही

**▶▶ पेयजल की जुगाड़ में हर दिन करनी पड़ती है भागदौड़**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** नगर निगम कतरास अंचल वार्ड तीन अंतर्गत गुही बांध से सटे हीरक कैंप मोहल्ले में पेयजल की सुविधा नही है। करीब पांच सौ की आबादी वाले मोहल्ले के लोगों पेयजल की जुगाड़ के लिए हर दिन काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पंचगढ़ी बाजार जाकर सार्वजनिक नल पोस्ट पर लाइन लग कर पीने का पानी गैलन, डेकची में भर कर ठेला या साइकिल से ढोकर घर ले आते हैं।जिसको जो सुविधा मिली वैसे पानी लाते हैं। बता दें सड़क निर्माणकरने वाली कम्पनी हीरक की यह कालोनी थी। बीस साल पहले हीरक कम्पनी ने पूरे कालोनी को बीसीसीसी एल के हवाले करके चली गयी। कंपनी के इन आवासों में अधिकतर कोल कर्मी सपरिवार रहते है। इन आवासों में खाद का पानी पंप के जरिये आपूर्ति होती है। जिसे लोग घरेलू कार्य में उपयोग में लाते हैं। कई लोग जार का पानी खरीद कर पीते हैं। जमुनिया का या तोपचांची झील का पानी यहां के लोगों को नसीब नही हुआ। ना तो नगर निगम इस मोहल्ले के लोगों की समस्या की ओर ध्यान दिया और ना ही संबन्धित विभाग के अधिकारी।

**सभी ने अनदेखी रवैया अपनाया है**

नगर निगम एवं बीसीसीएल प्रबन्धन शीघ्र पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराये। इस मोहल्ले के लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

**बिकेश सिंह, स्थानीय समाजसेवी,**

इस मोहल्ला में पेयजल की कोई व्यवस्था नही है। काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

**मनोज सिंह, समाजसेवी**

# धनबाद में अंकुरम आईवीएफ का शुभारंभ आज स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी करेंगे उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** रांची और जमशेदपुर के बाद, धनबाद में अंकुरम आईवीएफ सेंटर का शुभारंभ रविवार को होगा। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी शामिल होंगे। यह सेंटर सरायढेला, गोल बिल्डिंग चेकपोस्ट स्थित एवीएस प्लाजा में संचालित होगा, जहां बांझपन से जूझ रही महिलाओं को उन्नत तकनीक से लैस इनफर्टिलिटी ट्रीटमेंट्स मिलेंगे।

अंकुरम की निदेशक एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ रूही श्रीवास्तव ने शनिवार को अपने




सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि यह राज्य का तीसरा सेंटर होगा। 13 मार्च 2022 को अंकुरम आईवीएफ की शुरूआत हुई थी, और अपने बेहतरीन कार्यों की बदौलत आज यह नई ऊंचाइयों तक पहुंचा है। अंकुरम के चीफ एम्ब्रायोलॉजिस्ट एवं साइंटिफिक डायरेक्टर डॉ राज नारायण साहू ने बताया कि इनफर्टिलिटी एक भावनात्मक और चुनौतीपूर्ण सफर है। अंकुरम का उद्देश्य आधुनिक फर्टिलिटी ट्रीटमेंट्स को किफायती और सुलभ बनाना है। धनबाद में नए सेंटर के माध्यम से इस प्रतिबद्धता को और मजबूत किया जाएगा ताकि कोई भी दंपति आर्थिक या भौगोलिक कारणों से संतान सुख से वंचित न रहे। धनबाद सेंटर की हेड डॉ अप्सरा अग्रवाल ने कहा कि हर दंपति की इनफर्टिलिटी जर्नी अलग होती है। हम उनके लिए व्यक्तिगत और पारदर्शी ट्रीटमेंट प्लान बनाते हैं, ताकि वे विश्वास और जागरूकता के साथ संतान प्राप्ति की ओर बढ़ सकें। इस अवसर पर डॉ सुबोध कुमार सिंह, नीलम साहू ने भी सेंटर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

# जेजेएमपी के एरिया कमांडर गिरफ्तार

## जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के कहने पर लातेहार व पलामू जिले के ठेकेदार, व्यवसायी से लेवी, आगजनी, फायरिंग करने के लिए कहा जाता है


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को बड़ी उपलब्धि मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर को गिरफ्तार कर लातेहार पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार उग्रवादी लातेहार थाना क्षेत्र के बोकाखांड व हेरहंज में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में शामिल रहा है। गिरफ्तार उग्रवादी मुरारी भुईयां उर्फ छोटू उर्फ पप्पू पिता स्वर्गीय जगदीश भुईयां (बसरिया, कला, चैनपुर,पलामू) का रहने वाला है। इसकी जानकारी सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव व सीआरपीएफ पलामू रेंज के डीआईजी पंकज कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि छिपादोहर थाना क्षेत्र के कटिया जंगल के साइन बोर्ड के पास जेजेएमपी के एक दस्ता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए



हैं। सूचना मिलते एक टीम का गठन कर उक्त स्थान पर पुलिस पहुंची। सभी उग्रवादी भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर एक उग्रवादी मुरारी भुईयां को गिरफ्तार किया गया। जबकि संगठन में सबजोनल कमांडर अखिलेश यादव, एरिया कमांडर बैजनाथ सिंह, विनोद यादव, ध्रुव राम, सक्रिय सदस्य बुतरू भुईयां उर्फ छोटू समेत अन्य उग्रवादी घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार उग्रवादी मुरारी भुईयां ने बताया कि पुलिस की घेराबंदी की वजह से अपना हथियार दस्ता सदस्य बुतरू भुईयां को देखकर भागने लगे। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी है कि जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के कहने पर लातेहार व पलामू जिले के ठेकेदार, व्यवसाय से लेवी, आगजनी, फायरिंग, हत्या करने के लिए कहा जाता है। इस छापेमारी अभियान में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर सुभाष दास, छिपादोहर थाना के एएसआई रितेश कुमार राय, विकाशेंदु त्रिपाठी, आईआरबी 4, सेट 137 के जवान शामिल थे। प्रेस वार्ता में सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट मुकेश कुमार, बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम शामिल थे।

## हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 आज



**चंदवा।** चंदवा में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा 30 मार्च रविवार को मनाया जाएगा। जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसको लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों द्वारा शहर एवं आसपास के इलाकों के सड़क किनारे भगवा ध्वज से पाट दिया गया है, साथ ही घर-घर जाकर सनातन धर्मावलंबियों से हिंदू नव वर्ष के मौके पर अपने-अपने घरों में धर्म ध्वज फहराने, सभी मंदिरों में महा आरती का आयोजन करने, संध्या काल में घर के द्वार पर पांच दीपक प्रज्वलित करने की अपील भी की है। संघ के कार्यकताओं ने बताया कि 30 मार्च रविवार की सुबह शहर के बुध बाजार स्थित दुर्गा मंडल परिसर में नववर्ष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा उत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## बाइक अनियंत्रित होकर हुआ दुर्घटनाग्रस्त एक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरपा ग्राम के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया इस दुर्घटना में बाइक में सवार युवक पवन गंझू 50 वर्ष पिता स्व लगन गंझू गणेशपुर थाना बालूमाथ गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को ग्रामीणों के सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि घायल मैकलुस्कीगंज गया हुआ था वहीं से लौटने के क्रम में मुरपा ग्राम के पास गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

## विधायक ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



**बालूमाथ।** लातेहार से भाजपा विधायक प्रकाश राम ने शनिवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गनेशपुर पंचायत का दौरा किया ।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। जहां चमरेगा ग्राम स्थित हरिजन मोहल्ला में शिबू राम के घर के पास चापानल, हुन्डराटांड़ में संजय राम के घर के पास चापानल, चमरेंगा गांव से गनेशपुर को जोड़ने वाले मुख्य सड़क सोतीबांध जीर्णोद्धार, गणेशपुर गांव में मंदिर, गणेशपुर स्कूल में डीप बोरिंग, खेराबांध नहर का जीर्णोद्धार समेत पीएम आवास एवं कई समस्याओं से अवगत हुए। जहां विधायक ने उनकी समस्याओं को हल करने का आशवासन दिया ।मौके पर विधायक प्रकाश राम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा प्रयास है कि मैं प्रत्येक गांव गांव जाकर जनता की समस्या को सुनकर और उसका समाधान कर सकूं ।मौके पर कृष्णा यादव,अखिलेश भोक्ता, निर्मल यादव,विजय यादव,रविन्द्र सिन्हा,राजेश तुरी समेत कई ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।इस दौरान विधायक ने चमातु समेत अन्य गांवों का भी विधायक ने दौरा किया और समस्याओं से अवगत हुए।

## आवास प्लस लाभ के लिए 31 मार्च तक सर्वेयर से योग्य लाभुकों को नाम जोड़वाना अनिवार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे आवास प्लस के योग्य लाभुकों को 31 मार्च तक सर्वेयर के माध्यम से नाम जोड़वाना अनिवार्य होगा। आवास कोर्डिनेटर शशि कुजूर ने जानकारी देते हुए कहा की बारियातू प्रखंड मे बालूभांग, टोटी, सिबला, अमरवाडीह, फूलसु, साल्वे, डाढ़ा, बारियातू व गोनिया पंचायत है। जिसमे 56 गांव के कई अन्य टोले मुहल्ले भी हैं। सभी पंचायत मे आवास सर्वे के लिए सर्वेयर का चयन किया गया है। जिसमे पंचायत सेवक या रोजगार सेवक को सर्वे के लिए जिम्मेदारी दी गई है। छूटे हुए योग्य लोगों को हर हाल मे आवास प्लस के लिए किए जा रहे सर्वे मे जीओ टैग के माध्यम से सर्वे करवाना अनिवार्य होगा। पंचायत के सभी वार्ड सदस्य अपने अपने वार्ड मे जरूरत मंदो को आवास प्लस मे नाम जोड़वाने मे सहयोग करेंगे। सभी सर्वेयर को विभागीय निर्देश है की गांव-गांव टोले मुहल्ले मे घर-घर जाकर धरातल मे सर्वे करना है। सम्बंधित क्षेत्र के चयनित सर्वेयर रोजगार सेवक और पंचायत सेवक से 31 मार्च तक आवास प्लस के लिए सभी योग्य लाभुक के गांव टोले मे सर्वे करने पहुंचगें नाम जोड़वाना अनिवार्य समझेंगे। 31 मार्च के पूर्व से यह कार्य चल रहा है 31 मार्च अंतिम तिथि है।

## बालूमाथ में अवैध कोयले का कारोबार धड़ल्ले से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ अवैध कोयला लोड करने वाले वाहनों को पकड़ने गए बीडीओ एवम सीओ पर कोयला माफियाओं ने किया पत्थर से हमला, जान बचाकर भागे पदाधिकारी



**बालूमाथ।** बालूमाथ एवं बरियातू थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध कोयले का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। इसकी पुष्टि बालूमाथ अंचल अधिकारी द्वारा अवैध कोयला लोडिंग स्थल से जारी किए गए एक वीडियो क्लिप वायरल के बाद हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ मगध कोलयरी से लगभग 10 से 15 हाईवा प्रत्येक दिन मसियातु, सेरेगड़ा, सेरक समेत कई चिमनी इट भट्ठा पर धड़ल्ले से परिवहन किया जा रहा है। वही कोयला माफिया कई स्थानों पर हाईवा से अवैध कोयला डंप कर जेसीबी के माध्यम से ट्रकों में लोडकर कई फैक्ट्रियों तक अवैध कोयला को ले जाया जा रहा है। इस अवैध कारोबार में सीसीएल एवं पुलिस की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस अवैध कारोबार की सूचना पर गुरुवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे आनन-फानन में बिना कोई सुरक्षा के ही बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, मनरेगा जेई बाबूलाल उरांव जर्री ओवर ब्रिज के पास पहुंचा। जहां देखा कि 5 से 6 हाईवा अवैध कोयले का भंडारण किया हुआ है तथा दो जेसीबी के माध्यम से एक ट्रक पर लोड कर रहा है। वहां पर दो ट्रैक्टर भी लगा हुआ है। पदाधिकारी ने सभी वाहनों एवम कोयला का बीडीयो क्लिप बनवाया एवम वाहन को जप्त करने का प्रयास किया। ईसी बीच अवैध कोयला कारोबारी ने पदाधिकारीयो पर पत्थर से हमला कर दिया। जिससे तीनों पदाधिकारी अपना वाहन छोड़कर भाग गए । इसी बीच बालूमाथ बीडीओ भागते हुए बरियातू थाना क्षेत्र के करमाटांड़ ग्राम पहुंचा जहां ग्रामीणों से जान बचाने की गुहार लगाने लगे। तभी करमाटांड़ के मोहन गंझू ने बालूमाथ वीडीओ को पहचान लिया। और उसे बालूमाथ पहुंचाया। बाद में किसी तरह सरकारी वाहन लाया जा सका।

इस बीच सभी कोयला माफिया आराम से रात्रि में सभी कोयला लोड कर अन्यत्र भेज दिया। सूत्रों की मांने तो यह अवैध कोयले का कारोबार बरियातू थाना के क्षेत्र के रहने वाले संदीप सिंह समेत कई कोल माफिया शामिल है। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने घटनास्थल से ही एक बीडीओ जारी कर कहां की हम लोग कई वाहनों को पकड़ा है तथा भारी मात्रा में अवैध कोयले जप्त की गई है। इस पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन बाद में अंचलाधिकारी से पूरे घटना के संबंध में पक्ष लेने के लिए कई बार कॉल किया गया तो वह पक्ष देने से बराबर कटते नजर आए। वह कहां की मीटिंग में हूं। इधर बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि मैं कुछ नहीं कह सकता हूं आप बालूमाथ अंचलाधिकारी से बात कर ले। बाद में मामला को तूल पकड़ते देख दो दिन बाद शनिवार को बालूमाथ सीओ ने पूरे घटना की अज्ञात लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि अंचलाधिकारी द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन दिया गया है प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है।

## लातेहार एसडीएम ने की थाना परिसर में बैठक



**बालूमाथ।** थाना परिसर में शनिवार को लातेहार एसडीएम अजय कुमार ने बालूमाथ थाना के जिलंगा ग्राम के दोनों समुदाय के प्रबुध लोगों के साथ बैठक की। बैठक में जिलंगा ग्राम के ग्रामीण उपस्थित हुए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व आपसी भाईचारागी के साथ पूर्व में पहले जैसे मानते आ रहा है वैसे ही मनाया जाएगा। किसी भी समुदाय के लोग किसी भी पर्व त्यौहार में बिना आदेश के नई परंपरा का शुरूआत नहीं करेंगे। जिनका जो रूट में जुलूस जाता था इस बार भी इसी रूट में जुलूस जाएगा। जो लोग जहां ईद का नमाज अदा करते थे वही ईद की नमाज को अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी का सहयोग से ही बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में हर पर्व शांति पूर्वक संपन्न होते आया है। और इस बार भी उम्मीद है कि आप लोग अपना सहयोग देकर शांतिपूर्वक मनाएंगे। वही बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को उन्माद फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोई भी आपसी सौहार्द को बिगड़नेह का प्रयास करेंगा उसे पर बालूमाथ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। इस मौके पर बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराव, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद वीरवा, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## युवक की हत्या का खुलासा, 5 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने बीते 24 मार्च को युवक के निर्मम हत्याकांड मामले का उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया बीते सोमवार को बालूमाथ के पिंडारकोम ग्राम में लुकुइयाटांड जंगल से एक सरकारी कुआ से युवक का शव बरामद हुआ था। जिसकी शिनाख्त चन्द्रदेव यादव पिता मधुर यादव ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ निवासी के रूप में हुई थी। जांच में पता चला कि चन्द्रदेव यादव का प्रेम सबंध गांव के ही संतोष यादव की भतीजी के साथ था। जिसके बाद संतोष यादव ने हत्या की योजना बनाई और संतोष यादव पिता अरतू यादव अपने भतीजा रौशन यादव पिता त्रिवेणी यादव, साला अरविंद यादव पिता पूरण यादव तीनो ग्राम बहेरा थाना बालूमाथ निवासी वही सुधीर यादव पिता बनेश्वर यादव ग्राम चंदवा जिला लातेहार निवासी, जुगेश्वर यादव स्व उमेश यादव ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ निवासी के साथ मिलकर चन्द्रदेव यादव (मृतक) को जबरन उठाकर जंगल ले गए और उसकी निर्मम हत्या कर दिया। और किसी को शक न हो इसलिये शव को कुआ में डाल दिया। पुलिस ने घटना में शामिल दो मोटरसाइकिल जेएच 19डी1395पल्सर,जेएच 19बी3723 हीरो सुपर स्पेंडर बाइक को जब्त किया है। पुलिस ने इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 27/25 धारा 103(1)/3(5),61(2),बीएनएस एक्ट के तहत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया हैं।

वही इस छापेमारी दल में अमरेंद्र कुमार, एसआई रंजन कुमार, अनुभव कुमार, राजकुमार पांडे, अशोक कुमार समेत शस्त्र बल के जवान शामिल थे ।

### मनिका प्रखंड में आगामी पर्व को लेकर चलाया गया स्वच्छता अभियान

## आम लोग भी स्वच्छता में बटाएं हाथ : सुरेंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



स्वच्छता अभियान में शामिल लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन शनिवार को कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी सुरेंद्र पासवान के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर परिसर की सफाई की गई। गौरतलब हो की विगत दिन शांति समिति की बैठक में चैती छठ, ईद, सरहुल व रामनवमी पर्व को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था। वहीं निर्धारित दिन शनिवार की सुबह कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी सुरेंद्र पासवान के नेतृत्व में थाना चौक स्थित शिव मंदिर, बाजारटांड़ देवी मंडप मंदिर व पचफेड़ी चौक स्थित शिव मंदिर में लोगों ने साफ-सफाई किया। इस दौरान कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी सुरेंद्र पासवान ने लोगों से भी अपने आस-पास जागरूकता का परिचय देकर स्वच्छता पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा की आज जिला प्रशासन के द्वारा भी जिला को कचड़ा मुक्त करने का एक अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही केंद्र हो या राज्य की सरकार सभी स्वच्छता को लेकर अभियान चला रहे हैं और ऐसे अभियान के सफलता व उनके उद्देश्यों को पूरा करना आम लोगों के जागरूकता पर निर्भर करता है। उन्होंने लोगों से भी स्वच्छता अभियान में अपना हाथ बंटाने की अपील करते हुए कहा की हमारे आसपास जब साफ-सफाई होगी तभी हम सभी स्वस्थ रहेंगे इसलिए स्वच्छता अभियान के प्रति सभी को जागरूक रहने की जरूरत है। उक्त स्वच्छता अभियान में भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, ग्राम प्रधान मनिका रजत कुमार (टूनमून), भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, विकाश कुमार, सत्येंद्र पासवान, मल्लु कुमार पासवान, शशि कुमार पासवान, सुजीत कुमार, समेत कई अन्य लोगों ने भी भाग लिया।

## ईद को लेकर गुलजार हुआ बाजार

**चंदवा।** चंदवा में शहर से लेकर मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में सोमवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी में मुस्लिम धर्मावलंबी पूरी तरह से जुट गए हैं। ईद का त्योहार जैसे जैसे नजदीक आ रहा है चंदवा में लेकर बाजार भी गुलजार हो गया है। शहर से लेकर गांव तक के कस्बों में भीड़ बढ़ गई। मुस्लिम धर्मावलंबी अपने जरूरत के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। सेवईं से लेकर कपड़ों की दुकानों पर खूब भीड़ देखी जा रही है। ईद आने में अब बहुत कम समय बचा है। इसलिए लोग तेजी से तैयारी में जुट गए हैं। अपने जरूरत के अनुसार सामानों की खरीद कर रहे हैं। जिससे पर्व धूम-धाम से मना सकें। तेज धूप, हीटवेव के बाद भी रोजेदार बाजार में निकल रहे हैं। शहर के बाजार में रौनक बढ़ गई है। रेडीमेड कपड़ों, कॉस्मेटिक की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ है। सेवइयां लेने के लिए भी लोग खूब पहुंच रहे हैं। बाजार गुलजार होने से हर किसी के चेहरे पर खुशी है। कारोबारीओ ने बताया कि ईद के पर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। इस बार ग्राहक उत्साहित हैं। हम लोगों ने पूरी तैयारी किया है। ईद को लेकर विशेष तैयारी की गई है। कपड़े भी उनकी पसंद के अनुसार मंगाए गए हैं। सेवईं के कारोबारीओ ने बताया कि इस बार बाजार में रौनक खूब है। रोजेदार पहले से सेवईं खरीद रहे हैं। अपने पसंद के अनुसार रंगीन और सफेद सेवईं लोग ले रहे हैं। जिस हिसाब से हम लोगों ने तैयारी किया था, उसी अनुरूप बिक्री भी हो रही है।

## मृतक सहायक शिक्षक के परिजनों को शिक्षकों ने दिया 74 हजार रु. का सहयोग

**मझिआंव/बरडीहा।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के ओबरा पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओबरा के सहायक शिक्षक दानी कर्ण मेहता की कुछ दिन पूर्व आकस्मिक निधन हो गई। जिसके कारण इस हृदय विदारक घटना से परिजनों सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मर्माहत है। इधर विद्यालय के सहयोगी शिक्षकों ने आपस में चंदा कर 56400 एवं सरकारी शिक्षकों के द्वारा 18000 रुपए कुल मिलाकर 74400 रुपए सहयोग के तौर पर उनके परिजनों को दी। विदित हो कि सहायक शिक्षक दानी कर्ण मेहता का दोनों किडनी डैमेज हो गया था और गढ़वा में इलाज के दौरान कुछ दिन पूर्व मौत हो गई। सहयोग करने वालों में प्रधानाध्यापक कुलदीप राम, सहयोगी शिक्षक राजेश विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुमार मेहता, रोहित कुमार विश्वकर्मा, राजेश कुमार तिर्की, रजनीकांत पांडेय, निरंजन कुमार सिंह, विनोद कुमार मेहता, महेंद्र कुमार पांडेय, धर्मेंद्र कुमार पाल, लल्लू राम आदि का नाम शामिल है।

## बालू उत्खनन और परिवहन का धंधा बेखौफ जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ट्रैक्टर पर लदा बालू।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर और केतार थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से अवैध तरीके से बालू उत्खनन और परिवहन का गोरखधंधा बेखौफ जारी है। नदियों से माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर बालू का उत्खनन कर भवनाथपुर क्षेत्र में संचालित हो रहे सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए 3000 से लेकर 4500 रुपये प्रति ट्रैक्टर खुलेआम बेचा जा रहा है। इतने महंगे बालू मिलने से प्रधानमंत्री आवास के लाभुक विभागीय दबाव के बावजूद कार्य पूरा नहीं करा पा रहें हैं। जानतें चलें कि राज्य सरकार द्वारा भवनाथपुर और केतार क्षेत्र के कोई घाट चिन्हित नहीं किये जाने के बावजूद बालू माफिया प्रशासन की मिलीभगत से गैर चिन्हित नदियों से अवैध रूप से बालू उत्खनित कर सरकारी राजस्व का चूना लगा रहें हैं, तो दूसरी ओर नदियों के अस्तित्व खतरे में है। बतातें चलें कि केतार के पंडा नदी, खैरवा स्थित सोन नदी भवनाथपुर के रजदहवा, कैलान, ढढरा, बगही, झगराखांड़ आदि नदियों से बालू माफियाओं द्वारा शाम ढलते ही बालू उत्खनित कर रात भर दर्जनों ट्रैक्टर द्वारा बालू की ढुलाई के साथ ही मझिआंव के बूढ़ीखांड नदी से अवैध बालू उत्खनन कर बरडीहा जंगल के रास्ते कैलान तक ट्रैक्टर से परिचालन करते हुए भवनाथपुर क्षेत्र में संचालित सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए बेचने का काम कर रहे हैं।

## केतार थाना में शांति समिति की बैठक



बैठक करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

केतार। थाना परिसर में रामनवमी पर्व, ईद और सरहुल को लेकर प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में बीडीओ प्रशांत कुमार ने समाज के सभी वर्गों से सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया में झूठे अफवाहों से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के माध्यम से झूठे अफवाह फैलाए जाते हैं, जिसके वजह से आपसी टकराव व दंगे जैसे माहौल बन जाते हैं। यदि इस तरह का कोई अफवाह फैलता है तो प्रशासन को तुरंत सूचना दें, अफवाह फैलाने वाले के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि सभी लोग आपस में मिलजुल कर त्योहार को मनाए। सुरक्षा का ख्याल रखते हुए जुलूस के दौरान पुलिस बल हर चौक चौराहे पर आपकी सुरक्षा के लिए मुस्तैदी से तैनात रहेगी। सभी जुलूस आयोजकों से रूट चार्ट की मांग किया गया है, ताकि पुलिस बल के द्वारा संबंधित रूट का भ्रमण किया जा सके। थाना प्रभारी ने लोगों को बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार जुलूस यात्रा में डीजे का प्रयोग नहीं करते हुए छोटा साउंड के माध्यम से जुलूस का आयोजन किया जाए। बैठक में सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार ठाकुर, चंदन शाह, रामेश्वर प्रसाद, जोगेंद्र सिंह, रामविचार साहू, हेमंत पाठक, कन्हाई प्रसाद, त्रिपुरारी सिंह, कुंडल सिंह, मुखिया मूंगा साह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, अली हुसैन अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## भवनाथपुर टाउनशिप में झाड़ियों में लगी आग

**भवनाथपुर।** टाउनशिप में सेल के आवासीय परिसर के पास शनिवार को झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह को लगभग दस बजे झाड़ियों में अचानक धुआं उठता देखा गया, जिसके बाद आग तेजी से फैलने लगी। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के इलाकों को भी चपेट में लेने की आशंका बढ़ गई। स्थानीय निवासियों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कोइ व्यक्ति द्वारा सूखी झाड़ियों में आग लगा दिया गया होगा जो आग भयानक रूप ले लिया। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है।

## नक्सली के नाम पर लेवी वसूलने वाले सरगना सहित तीन गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस ने नक्सली संगठन टीएसपीसी के नाम पर लेवी वसूली और दहशत फैलाने वाले गिरोह की कमर तोड़ दी है। इस गिरोह के सरगना सहित तीन लोगां को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से एक देसी कट्टा, टॉय बंदूक, लूटे गए मोबाइल, नक्सली पर्चे, चितकबरा वर्दी, गमछे और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने समाहरणालय स्थित सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि पलामू जिले के गहोरा निवासी मोहन मुरारी देव के आवेदन पर रंका थाना में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें तीन



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी।

अज्ञात अपराधियों पर स्टोन माइंस व क्रशर प्लांट के कर्मचारियों को धमकाने, लेवी मांगने और मोबाइल लूटने के गंभीर आरोप थे। पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी निगरानी के आधार पर इन अपराधियों को ट्रैक किया। 28 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि ये अपराधी माइंस क्षेत्र में एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शाहिद अंसारी (मुख्य सरगना), अशोक सिंह और मकदस अंसारी को मौके से दबोच लिया। पूछताछ में शाहिद अंसारी ने स्वीकार किया कि वह खुद को टीएसपीसी का एरिया कमांडर पंकज जी बताकर माइंस मालिकों से लेवी वसूलता था। इस बड़ी सफलता में पुलिस अधीक्षक (अभियान) राहुल देव बड़ाईक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल समेत कई पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

## रामनवमी पूजा को लेकर कमिटी गठित

**भवनाथपुर।** प्रखंड में रामनवमी पूजा को लेकर टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर में एक बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता दिवाकर चौधरी ने की। जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों ने रामनवमी पूजा को शांति और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया। पूजा के आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दीपक तिवारी को नियुक्त किया गया। वहीं उपाध्यक्ष लक्की मल्होत्रा, सचिव आयुष राजन, सह सचिव प्रियांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्यों में शुभम सिंह, शशि सिंह, कुश दुबे, शशंत सिंह, दूसु मालाकार, रंजीत मालाकार, हेमंत मालाकार, बिट्टू मिश्रा, नीतीश यादव, आशुतोष तिवारी और इशांत सिंह का चयन किया गया।

स्पीड न्यूज

## वेस्ट टू वेल्थ पर सेमिनार व प्रदर्शनी तथा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



**बोकारो।** बीएसएल में जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मानव संसाधन विकास केंद्र में वेस्ट टू वेल्थ विषय पर एक सेमीनार व प्रदर्शनी तथा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक सीईडी शालिग्राम सिंह महाप्रबंधक मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास डीआर टोप्पो महाप्रबंधक नगर प्रशासन एके अविनाश महाप्रबंधक मानव संसाधन सुशांत शिशिर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयंत्र से लगभग एक सौ प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत बीएसएल के सहायक महाप्रबंधक इसीएस नितेश रंजन ने संयंत्र में वेस्ट टू वेल्थ के अंतर्गत विभिन्न नए पहलों की जानकारी दी। वेस्ट टू वेल्थ पर आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से भी इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों से सभी को अवगत कराया गया। इसी कड़ी में गैस एवं इलेक्ट्रिकल सेफ्टी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाप्रबंधक सीआरएम–3 डीके मोहंती तथा ओसीटी इएमडी रवि राज ने प्रतिभागियों को सुरक्षा पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

## बोकारो इस्पात संयंत्र में 'रुबरु' कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो।** बीएसएल अधिकारियों का निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में–रुबरु नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बीएसएल के 31 अधिकारी शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक प्रभारी की अगुवाई में सभी ने सुरक्षा शपथ ली। एजीएम अमित आनंद ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बीएसएल द्वारा ज्ञानार्जन एवं विकास की दिशा में किए गए पहल यथा लिंक्डइन फ्यूचर प्राइम इत्यादि प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू ई–पाठशाला और अन्य ऐसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीएसएल द्वारा अपने कर्मियों को ज्ञानार्जन हेतु उपलब्ध कराये जा रहे नए अवसरों पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रभारी ने अपने उद्बोधन में ज्ञानार्जन एवं विकास की अहमियत को रेखांकित करते हुए सभी को सीखने के इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाने ज्ञानार्जन द्वारा सेल्फ डेवलपमेंट बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने तथा डिजिटलाइजेशन एवं एआई के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से अवगत होने पर बल दिया। परिचर्चा खंड में प्रतिभागियों ने भी ज्ञानार्जन एवं विकास से सम्बंधित अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की वरीय प्रबंधक प्रीति कुमारी ने किया।

## असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

**गोमिया।** रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को लेकर शनिवार को चतरो चटी थाना परिसर में थाना प्रभारी दीपक राणा की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिंदू, मुश्लिम, सिख ईसाई सहित थाना क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग व विभिन्न अखाडा के अध्यक्ष सचिव शामिल हुए। बैठक मे सर्वप्रथम थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा द्वारा सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को सभी के समक्ष रखते हुए कहा की निर्धारित निर्देश के अनुरूप कार्य नहीं होने से हर हाल में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ईद त्योहार व रामनवमी में सभी लोग एकता का परिचय देते हुए पर्व को सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाएंगे किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे, शोशल मिडिया व असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, कानून को कोई भी व्यक्ति अपने हाथ मे नहीं लेंगे।

# खड़ी बस में लगी आग, पांच बस जलकर हुई खाक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के बासुकीनाथ स्थित बस स्टैंड के पीछे खाली मैदान में खड़ी पांच बसें शनिवार को जलकर खाक हो गई। बताया गया कि शाम 5 बजे के करीब मैदान में खड़ी कोच से धुएं के बड़े-बड़े गुब्बारे के साथ आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठते देखी गई। आग का तांडव इस कदर था कि कुछ क्षण में सभी गाड़ियां जलकर स्वाहा हो गई। तेज पछिया हवाओं के बीच आग के रौद्र रूप को देखकर वहां खड़ी भीड़ लाचार और बेबस नजर आ रही थी। इतना ही नहीं रह रहकर जलती गाड़ियों के टायर फटने से जोरदार धमाका भी हो रहा थे। लाख चाहते हुए भी लोगों की भीड़ आग बुझाने का साहस नहीं जुटा पा रही थे। इसी बीच आगजनी की सूचना मिलते ही जरमुंडी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। लेकिन अग्निशमन वाहन के तत्काल उपलब्ध नहीं होने के कारण तमाम लोग तमाशबीन बने रहे। इस घटना को लेकर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल ने बताया कि पांच बसों के जलने की सूचना मिली है। इसके तहत राजू झा की एक, संजीव झा की दो एवं मोनू झा के दो बस आगजनी की भेंट चढ़ गई।



धू-धूकर जलती बसें व मूकदर्शक लोग

## वन विभाग ने किया पांच बोटा शिमल का लकड़ी जप्त



जप्त लकड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा वन विभाग टीम के द्वारा बीते तीन दिनों से लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी। शनिवार सुबह सरायदहा के पास से चाइनाटोली में लदा पांच बोटा शिमल का लकड़ी जप्त किया है। जप्त कि हुई लकड़ी लदा चाइना टोली को वन विभाग की टिम शिकारीपाड़ा वन परिसर लाकर रखा है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यहां बताते चले की पिछले तीन दिनों से वन विभाग की टीम लकड़ी माफियाओं पर ताबोड़ तोड़ कार्रवाई कर रही है। गुरुवार रात जबरदहा के पास तो शुक्रवार को बाबूपाड़ा के पास से साल का लकड़ी जप्त किया है। जप्त की हुई लकड़ी शिकारीपाड़ा वन परिसर में रखी हुई है और वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस प्रकार की कार्रवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। यहां बताते चले कि जहां सरकार सभी को पर्यावरण बचाने पेड़ पौधे लगाने को लेकर जागरूक कर रही है तो वही ठीक इसके विपरीत लकड़ी माफिया हरे-भरे जंगलों को या कहे तो मोटे बेशकीमती पेड़ों को काटकर अपनी जेब भर रहे हैं।

## नागरिक अधिकार मंच द्वारा बोकारो एयरपोर्ट सन्दर्भ में आंदोलन की चेतावनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो से जनता हेतु हवाई सेवा नहीं प्रारंभ होने से यहां के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फिर भी राजनीतिक खींचतान के कारण बोकारो हवाई अड्डा नहीं शुरू हो पा रहा है। इस मुद्दे पर नागरिक अधिकार मंच द्वारा बोकारो के सेक्टर 3 ई स्थित कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें रामनवमी के बाद इस विषय पर एक बड़े आंदोलन का निर्णय लिया गया। बैठक में मंच के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि बोकारो हवाई अड्डा जल्द से जल्द चालू हो इसके लिए आम जनता को जगना होगा। तभी यह चालू हो पाएगा वर्ना यूँ ही खटाई में पड़ा रह जाएगा। इसके लिए जन आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से इस हवाई अड्डा को अधर में लटका कर रखना यहां की जनता के साथ घोर अन्याय है। बैठक के माध्यम से झारखंड सरकार केंद्र सरकार धनबाद के सांसद बोकारो की विधायक बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी और बोकारो के उपायुक्त से निवेदन किया गया कि इस हवाई अड्डा को चालू करने में जो भी अड़चन आ रही हैं- उन्हें यथाशीघ्र दूर किया जाए। अन्यथा बाध्य होकर यहां की जनता को सड़क पर उतरना पड़ेगा। बैठक में शशि भूषण ओझा मुकुल लक्ष्मण शर्मा मृणाल चौबे ललित कुमार अखिलेश ओझा वैद्य गणेश साव नीरज सिंहा गुड्डू पांडेय अभय कुमार गोलू रोहित सिंह अनुराग मिश्र मोनू सतीश सिंह सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

### डीवीसी की उन्नति के लिए सभी को साथ मिलकर हमेशा प्रयत्नशील होना होगा

## समय के साथ चलना होगा : एस सुरेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/ चंद्रपुरा।** दामोदर घाटी नगम (डीवीसी) के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि डीवीसी की उन्नति के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर समय के साथ चलना होगा। इसके लिए मानव संसाधन महत्वपूर्ण कड़ी है। चंद्रपुरा के डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान में पिछले दिनों से प्रशिक्षण पा रहे डीवीसी में पदोन्नति पाये एम 1 स्तर के अधिकारियों और कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों के संबोधन में उन्होंने कहा कि देश में बिजली की मांग बढ़ रही है। हम सभी मिलकर इस जरूरत को पूरा करने में कामयाब होने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहना चाहिए।



उन्होंने कहा कि डीवीसी में कार्यों का विस्तार हो रहा है। इसके विकास के लिए नए वातावरण तैयार करना भी जरूरी है। सदस्य सचिव डॉ जॉन मथाई ने डीवीसी के कार्य प्रणाली की प्रशंसा की और कहा कि हम सभी के प्रयास से ही डीवीसी उन्नति की ओर आगे बढ़ता चला जा रहा है। वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान विजयानंद शर्मा वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष पीके मिश्रा वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन डीसी पांडेय विनोद कुमार राय के अलावा अजय कुमार जैन शंकर नाथ मुखोपाध्याय राजीव कुमार सत्येंद्र कुमार परविंद कुमार राजकुमार चौधरी संजीव कुमार आदि शामिल थे। समारोह का संचालन रवि सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक सुनीता नाग ने किया। डीवीसी के अध्यक्ष ने डीवीसी में पदोन्नति पाये और प्रशिक्षण पा रहे अधिकारियों और उनके प्रशिक्षक एवं अन्य उत्कृष्ट अधिकारियों को सम्मानित किया।

## नदी किनारे मिला नाबालिग का शव

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाकीजोड़ गांव के निकट नदी के पास एक ना बालिक लड़की का शव मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब वे नदी गए तो उन्होंने एक लड़की का शव देखा, इसकी सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। शव देखकर ऐसा लग रहा है कि कोई हत्या करके यहां फेंक दिया है। शरीर पर कई चोट के निशान है, आंखे भी फोड़ी गई है। उक्त घटना की सूचना शिकारीपाड़ा पुलिस को ग्रामीणों के द्वारा दी गई पुलिस को सूचना मिलते ही प्लीज दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका फूलों झानो अस्पताल भेज दिया है और पुलिस अपनी जांच में जुट गई है।

## उन्मुखी यात्रा के तहत बच्चों ने फार्म हाउस का किया भ्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** पूर्व व्यावसायिक शिक्षा-बस्ता रहित विक्स के क्रियान्वयन हेतु मध्य विद्यालय जाम गोरिया चास 2 में वर्ग 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को उन्मुखी यात्रा के तहत मांझीडीह स्थित उमेश ठाकुर के फार्म हाउस का भ्रमण कराया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने पशुपालन एवं कुक्कुट पालन जैसे - मुर्गी-पालन मत्स्य पालन एवं बत्तख पालन को देखा एवं उससे संबंधित जानकारियां ली। बच्चों ने कृषि एवं बागवानी के साथ-साथ सब्जी उगाने की बारीकियां भी सीखी। इस भ्रमण के दौरान बच्चे काफी उत्साहित हुए। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रधानाध्यापक ऋषिकेश प्रसाद राज कृष्ण राज गणेश कुमार विनोद कुमार उपाध्याय सुमन कुमारी एवं चैतन्य मांझी की महती भूमिका रही।

## बाल विहार कैंप ग्लिटर का सफल आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो के तपोवन सभागार एवं प्रार्थना सभागार में कक्षा तृतीय से पांचवी के छात्र छात्रों के लिए दो दिवसीय बाल विहार शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के कक्षा 3 से 5वीं तक के 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने किया। तत्पश्चात चिन्मय विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा गणेश वंदना से सभी का स्वागत किया गया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि शिविर में बच्चे शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ रोचक गतिविधियां के माध्यम से तन और मन दोनों से स्वस्थ बनते हैं। इस अवसर पर सचिव महेश त्रिपाठी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें हर एक के साथ तालमेल मिलाकर चलने में बाल विहार कैंप बहुत ही सहयोगी साबित होते हैं। विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली कई एक्टिविटी का प्रशिक्षण दिया जाता है।




दो दिवसीय शिविर में बच्चों को वेजिटेबल आर्ट कप पिरामिड रिवर बैंक राजमा इन बंगाल क्राफ्ट फोटो फ्रेम क्राफ्ट पेन होल्डर रामनवमी पर आधारित चित्रकला म्यूजिकल चेयर वॉल इन बकेट रिवर्स स्पून एंड मार्बल ग्रेव द वाटर भजन गायन के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण रोचक एक्टिविटी करवाई गई। सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर की को-ऑर्डिनेटर कुमारी निशा खुशी कुमारी अंजलि प्रिया अंकिता पाठक बिंदु कुमारी अदिति निमिषा डॉली झा मनीषा तिवारी मंजू कुमारी शालिनी प्रसाद शिखा रानी प्रियंका कुमारी श्रीति गीतांजलि पांडा शुभम सौरभ विशाल बंसल किरण सिंह सुरुचि पांडेय सोनालिसा एवं नेहा शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## डीपीएस बोकारो के प्राचार्य, 'मोस्ट इफेक्टिव प्रिंसिपल अवार्ड' से नवाजे गये

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को नई दिल्ली में थिंक यूनिक इंफोमीडिया प्रा लि की ओर से एएफसी इंडिया लि एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित नौवें ग्लोबल एजुकेशन एंड स्किल समिट लीडरशिप अवॉर्ड्स समारोह के दौरान मोस्ट इफेक्टिव प्रिंसिपल के सम्मान से नवाजा गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं बदलते समय के अनुरूप नवोन्मेशी व उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-व्यवस्था के कुशल नेतृत्व के लिए उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र के साथ यह अवार्ड प्रदान किया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरपर्सन प्रियांक कानूनगो मध्य प्रदेश कौशल विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री डॉ हेमंत देशमुख सांसद संजय देशमुख एआईसीटीई के मुख्य समन्वयन अधिकारी डॉ बुद्धा चंद्रशेखर सीबीएसई के निदेशक- प्रशिक्षण एवं कौशल शिक्षा डॉ विश्वजीत साहा सहित कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में यह पुरस्कार दिया गया। विद्यालय में उक्त पुरस्कार, उपप्राचार्य अंजनी भूषण ने सांकेतिक रूप से इसे प्राचार्य डॉ गंगवार को सुपुर्द किया। अपने उद्गार में प्राचार्य डॉ गंगवार ने इस उपलब्धि को शिक्षकों विद्यार्थियों अभिभावकों तथा विद्यालय परिवार से जुड़े सभी सदस्यों के अथक एवं सतत सहयोग का सुखद परिणाम बताया है। उल्लेखनीय है कि डॉ गंगवार, इसके पूर्व पेरिस नेपाल नॉर्वे दुबई मॉरीशस श्रीलंका थाईलैंड और बांग्लादेश सहित अन्य जगहों पर भी विभिन्न विश्वस्तरीय मंचों पर सम्मानित किए जा चुके हैं। उनकी नवीनतम उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष है।



### एक नजर में

## कोयला लदी ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के लुकुबाद गांव के समीप मुख्य सड़क पर कोयला लदी ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार 45 वर्षीय राजमिस्त्री की मौत हो गयी। मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की मांग को लेकर लोगो ने बोकारो थर्मल-विष्णुगढ़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के लुकुबाद गांव के समीप मुख्य सड़क में कोयला लदी ट्रक के चपेट में आ जाने से लगभग 45 वर्षीय बाइक सवार राजमिस्त्री बालगोविंद तूरी की मौत हो गई। मृतक नावाडीह प्रखंड के पेंक थाना क्षेत्र के काछो का रहने वाला बताया जा रहा है, जो बोकारो थर्मल से राजमिस्त्री का काम कर 28 मार्च की रात्रि लगभग आठ बजे अपने घर बाइक से जा रहा था। इस दौरान सड़क किनारे खड़ी ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटना स्थल में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बोकारो थर्मल-विष्णुगढ़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जबतक परिजन को दस लाख रुपया मुआवजा नहीं मिलेगा, तबतक सड़क जाम रहेगी। वही बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित पेंक थाना की पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर आंदोलनकारियों को शांत करने एवं शव को कब्जे में लेकर जाम हटाने का प्रयास कर रहे हैं। मृतक की पत्नी सुंदरी देवी ने बताया कि उसके तीन बच्चे है। उसे उनकी भविष्य की चिंता है।

## बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन के गेट संख्या 6 पर यात्री ट्रेन से गिरकर घायल

**बेरमो।** बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 6 के पास एक यात्री ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। यात्री अहमदाबाद एक्सप्रेस से गिरा है, जिसकी पहचान जागेशर बिहार निवासी इम्तियाज के रूप में की गई है। बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह करीब 7:40 बजे बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 6 के पास एक व्यक्ति ट्रेन संख्या 19413 अहमदाबाद से चपेट में आ गया। वह गिर गया या आत्महत्या करने का प्रयास किया, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई। घायल अवस्था में गोमिया सीआरपी और आरपीएफ की टीम तत्काल प्राथमिक इलाज के लिए डीवीसी बोकारो थर्मल अस्पताल ले जाया गया। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया, जहां उसके परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर ले गए। खबर लिखें जाने तक घटना का कारण नहीं पता चल पाया है।

## डीवीसी ईडीसीएल के साथ डीवीसी प्रबंधन की त्रिमासिक समीक्षा बैठक

**बेरमो।** डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में स्वामी विवेकानंद सभागार में ई डी सी एल और डी वी सी प्रबंधन के बीच त्रिमासिक समीक्षा बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक (मा. सं.) सत्येंद्रनाथ दत्ता ने किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में एस सी / एस टी का प्रतिनिधित्व हो। बीटीपीएस के प्रतिनिधि मण्डल ने भी अपने दो प्रस्ताव प्रस्तुत किए जिसमें डीवीसी प्रबंधन द्वारा जारी ठेकेदारों में एस सी /एस टी का प्रतिनिधित्व प्रतिशत आकड़ा की मांग तथा भगवान बिरसा मुण्डा जयंती / आदिवासी गौरव दिवस 15 नवम्बर को डीवीसी प्रबंधन अवकाश घोषित किया जाए।

## आचार्य कार्यशाला का आयोजन

**बेरमो।** अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला के दूसरे दिन उद्घाटन बिंदेश्वरी देवी आवासीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य सह मुख्य अतिथि डॉ रविंद्र कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अमित कुमार सिंह व प्रधानाचार्य पंकज पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य पंकज पांडेय ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास हुआ है, ऐसे में शिक्षकों की हमें नैतिक शिक्षा पर बल देना होगा। कहा कि अपना विद्यालय नगर में श्रेष्ठ बने, इस पर हमें फोकस करना है।

## नारी सम्मान के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं : जीएम

**बेरमो।** सीसीएल के ऑफिसर्स क्लब करगली में शनिवार को अर्पिता महिला मंडल बीएंडके की ओर से महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार, बीएंडके महिला मंडल की अध्यक्षा श्वेता कुमारी आदि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद कोल इंडिया का कॉरपोरेट गीत गाया गया। बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार ने कहा कि कहा कि जब तक महिलाओं का सम्मान प्राप्त नहीं होगा, तब तक विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। कहा कि पुरुषों की कामयाबी के पीछे महिलाओं का हाथ होता है। समाज के निर्माण में महिलाओं का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। महिलाएं घर संभालते हुए राजनीतिक, नौकरी, व्यवसाय आदि क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। समाज और देश को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं के प्रति सोच में बदलाव से तरक्की होगी। नारी को सम्मान करना चाहिए।

## बेरमो अनुमंडल कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित

बेरमो /तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट स्थित बेरमो अनुमंडलीय कार्यालय में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी, अंचल पुलिस निरक्षक और सभी थानों के प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने की, जबकि सीडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में ईद और रामनवमी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## त्योहार को लेकर प्रशासन ने दी कई हिदायतें

**बेरमो।** डुमरी अनुमंडल सभागार में रामनवमी और ईद को लेकर अनुमंडल स्तर पर हुई शांति समिति की बैठक। जिसमें त्यौहार को लेकर प्रशासन ने दी कई हिदायतें। बैठक में कहा कि लगातार देखा जा रहा है कि त्यौहार में विवाद का कारण सोशल मीडिया होता है इसको लेकर प्रशासन ने बताया कि डुमरी में सोशल मीडिया की एक विशेष टीम बनाई गई है।

पेज 1 का शेष

## ₹12 हजार करोड़ से अधिक...

**तेजी से निष्पादन की व्यवस्था :** नेपाल हाउस स्थित ट्रेजरी के कोषागार पदाधिकारी पुष्पलता कुमारी कहती हैं कि इस वित्तीय वर्ष के अंतिम कार्य दिवस होने के कारण जो भी बिल आ रहे हैं, इसका निष्पादन तेजी से करने की व्यवस्था की गयी है। रात 10-11 बजे तक भुगतान सुनिश्चित हो सके कोई भी बिल पेंडिंग ना रहे इसकी कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग के निदेर्शानुसार भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। प्रोजेक्ट भवन स्थित सचिवालय कोषागार में निर्देशानुसार वित्तीय कामकाज रात 11 बजे तक चला। कोषागार पदाधिकारी पुरुषोत्तम झा कहते हैं कि वित्त विभाग के निदेर्शानुसार मार्च महीने में विभागों को आवंटित राशि के 15% तक की बॉन्डेज के साथ निकासी का प्रावधान है उसी के तहत आज वित्तीय वर्ष के अंतिम कार्य दिवस के दौरान भी ध्यान में रखकर निकासी की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इन सबके बीच वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होने वाली निकासी और इसके जरिए होने वाले मार्च लूट पर विभाग की पैनी नजर है।

स्पीड न्यूज

## मस्क ने 33 अरब डॉलर में एक्स को एक्सएआइ को बेचा

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी उद्योग पति एलन मस्क ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को अपनी खुद की एआई कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में बेच दिया है। दोनों कंपनियाँ निजी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उन्हें अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिग्रहण एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमताओं को एक्स की विशाल वैश्विक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा।

## शेख हसीना पर एक और केस हुआ दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ एक और केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने हसीना और 72 अन्य लोगों के खिलाफ गृह युद्ध छेड़कर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को हटाने की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जिन अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया है, उनमें हसीना की अवामी लीग के नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं।

## अफगानिस्तान में भी लगे भूकंप के झटके

**काबुल।** म्यांमार के बाद शनिवार को सुबह अफगानिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह झटके भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5,16 बजे लगे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.7 मापी गई है। हालांकि भूकंप से अफगानिस्तान में किसी नुकसान या फिर हताहत होने की खबर नहीं हैं। अफगानिस्तान में भूकंप सुबह 5.16 बजे आया, जिसकी गहराई करीब 180 किलो मीटर मानी जा रही है।

## एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर की हत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के पुरामुफ्ती क्षेत्र में एयरफोर्स के सेंट्रल एयर कमांड परिसर में रहने वाले चीफ वर्क इंजीनियर की शनिवार की सुबह गोलीमार कर हत्या कर दी गयी। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि पुरामुफ्ती क्षेत्र अन्तर्गत एयरफोर्स स्टेशन के अंदर इंजीनियर कॉलोनी में वर्क इंजीनियर की एक व्यक्ति द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस, एसओजी और फॉरेंसिक और सर्विलांस टीम साक्ष्य एकत्रित कर रही है।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उनकी टीम ने काकचिंग जिले के सेकमाइजिन मायाई लेइकाई इलाके से मणिपुर में एक सशस्त्र विद्रोही समूह पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक के एक कैडर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति सीधे तौर पर नए सदस्यों की भर्ती करने और काकचिंग जिले की आम जनता से जबरन वसूली करने में शामिल था।

## दंतेवाड़ा में 15 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में शनिवार को 15 नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें नौ बेचापाल आरपीसी मिलिशिया, सीएनएम एवं डीएकेएमएस सदस्य, एक पोटाली आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, दो पल्लेवाया आरपीसी मिलिशिया एवं डॉक्टर टीम सदस्य, तीन हुरेपाल आरपीसी मिलिशिया एवं सीएनएम सदस्य शामिल हैं। सीआरपीएफ भटके हुए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं।

# नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह नजरबंद

### घरों को जलाने और वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले 105 आंदोलनकारी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शन के दौरान घरों को जलाने और वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले 105 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वे राजतंत्र की बहाली और हिंदू राज्य की मांग कर रहे थे।

गिरफ्तार किए गए लोगों में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव धवल शमशेर राणा और पार्टी के केंद्रीय सदस्य रवींद्र मिश्रा शामिल हैं।राजा समर्थक मानी जाने वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा महामंत्री को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इसके साथ ही पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र वीर विक्रम शाह को उनके निर्मल निवास में ही नजरबंद किया गया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प, आगजनी की दर्जनों घटनाएं, पत्रकार को जिंदा जलाए जाने की वारदात के बाद शुक्रवार की देर रात को प्रधानमंत्री केपी ओली की अध्यक्षता में हुई



कैबिनेट बैठक में चारों सुरक्षा अंग नेपाली सेना, नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल और खुफिया विभाग के प्रमुखों को भी बुलाया गया। इस दौरान मौजूदा परिस्थितियों और उनसे निपटने के बारे में विचार किया गया। बैठक के बाद सरकार के प्रवक्ता पृथ्वी सुब्बा गुरूंग ने कहा कि तोड़फोड़, आगजनी, लूटपाट और पत्रकार को जिंदा जलाने की घटना अमानवीय है। इसको किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जा सकता। आयोजकों को इसका मुख्य जिम्मेदार मानते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता छवि रिजाल ने कहा है कि इस संपूर्ण

- **राजशाही की वापसी के लिए गठित संयुक्त जनसंघर्ष समिति के कमांडर दुर्गा प्रसाई के खिलाफ वारंट जारी**

घटना के लिए आयोजक जिम्मेदार हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सभी बड़े नेताओं की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया। काठमांडू पुलिस प्रमुख एसएसपी विश्व अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के बड़े नेताओं और तोड़फोड़ आगजनी में जिन लोगों की पहचान हुई है, उनकी गिरफ्तारी की गई है।

राजशाही की वापसी के लिए गठित संयुक्त जनसंघर्ष समिति के कमांडर बनाए गए दुर्गा प्रसाई की गिरफ्तारी का वारंट जारी हो गया है, लेकिन कई स्थानों पर छापा मारने के बाद भी उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलिस का आरोप है कि दुर्गा ने खुद ड्राइविंग करते हुए पुलिस की घेराबंदी के ऊपर ही गाड़ी को चला दिया था जिसके कारण भीड़ उग्र हुई। इस घटना का वीडियो खुद दुर्गा प्रसाई की टीम द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। प्रदर्शनकारियों को उकसाने, तोड़फोड़ तथा आगजनी के लिए निर्देश देने के आरोप में दुर्गा प्रसाई के खिलाफ फौजदारी मुकदमा चलाया जाएगा।

### पत्रकार ने किया प्रदर्शन

काठमांडू में राजशाही बहाली की मांग को लेकर शुक्रवार को किए गए हिंसक प्रदर्शन में मारे गए मीडियाकर्मी सुरेश रजक और कुछ मीडिया हाउस पर हुए हमले के विरोध में शनिवार को नेपाल पत्रकार महासंघ ने प्रदर्शन किया। नेपाल पत्रकार महासंघ के नेतृत्व में शनिवार सुबह मैतीघर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पत्रकार रजक की दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर दुख जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही इस घटना की सच्चाई जानने के लिए उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई। पत्रकारों ने इस घटना के दोषी को सख्त सजा दिए जाने की मांग की है। सरेश रजक एवेन्यूज टेलीविजन के कैमरामैन थे। उनको काठमांडू के तेनकुने में एक इमारत के अंदर जला दिया गया था।

### काठमांडू में हालात सामान्य, कर्फ्यू हटा

राजशाही समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के बाद शुक्रवार शाम चार बजे लगाया गया कर्फ्यू शनिवार की सुबह सात बजे से हटा दिया गया है। कर्फ्यू हटाने के साथ ही जनजीवन सामान्य होने लगा है। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय ने शनिवार सुबह कर्फ्यू हटाने का फैसला लिया । जिलाधिकारी ऋषिराम तिवारी ने बताया कि स्थिति सामान्य होने के से सुबह सात बजे से काठमांडू के जिन क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था, उसे हटा लिया गया है।

# म्यांमार में भूकंप से 1644 से अधिक लोगों की मौत

**एजेंसी**

- **3408 घायल और 139 लोग अभी भी लापता**
- **सड़कें, पुल और इमारतें बुरी तरह प्रभावित**

**नेपीडॉ ।** म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप से 1,644 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। करीब 3,408 लोग घायल हैं और 139 अभी तक लापता बताए जा रहे हैं। न्यूज एजेंसी एएफपी ने शनिवार को देश के सैन्य शासन का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। मृतकों की संख्या अभी भी बढ़ने की आशंका है क्योंकि मलबा हटाने का काम जारी है। भूकंप के कारण कई इलाकों में इमारतें ढह गईं और व्यापक क्षति हुई है। राहत एवं बचाव कार्य तेज किए गए हैं, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। भूकंप की वजह से म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में भी काफी नुकसान हुआ है। भूकंप से सड़कें, पुल और इमारतें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे नागरिकों को जान-माल का नुकसान हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों में खोज एवं बचाव अभियान जारी हैं।

वहीं, पड़ोसी देश थाईलैंड में भी भूकंप का खासा असर देखने को मिला है। राजधानी बैंकॉक में एक 33-मंजिला इमारत के गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई और 101 लोग लापता हैं। शनिवार को बचाव कार्य और तेज किया गया है। बैंकॉक के गवर्नर चडचार्ट सित्तिपुंट ने कहा है कि वो किसी भी हालत में लोगों की जान बचाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**अंतरराष्ट्रीय मदद पहुंची :** चीन से एक राहत दल शनिवार को यांगून पहुंचा, जो चिकित्सा उपकरणों और जीवन संकेतों की जांच करने वाले उपकरणों के साथ आया है। रूस 120 अनुभवी बचावकर्मियों, डॉक्टरों और खोजी कुत्तों की एक टीम म्यांमार भेज रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी म्यांमार के अधिकारियों से बात की है और अमेरिका की ओर से जल्द सहायता पहुंचाने की बात कही है।

### भारत ने 15 टन राहत सामग्री यांगून भेजा

भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए अपने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत शनिवार को 15 टन राहत सामग्री यांगून पहुंचाई। भारतीय वायुसेना का सी-130 जे विमान यह राहत सामग्री लेकर शनिवार को यांगून पहुंचा। इसमें टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, खाने के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।



म्यांमार में भुकंप से जमींदोज घर का मलबा हटाते जवान।



15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंचा भारतीय विमान।

## बिहार : मैट्रिक में 82.11 % छात्र पास

### टॉप 10 में 123 छात्रों ने बनायी जगह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 10वीं मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट शनिवार जारी कर दिया। 82.11 फीसदी छात्र सफल घोषित किए गए। इस वर्ष 15.68 लाख से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 12 लाख 79 हजार 294 ने सफलता पाई। यानी 82.11 प्रतिशत छात्र मैट्रिक की परीक्षा में पास हुए। समस्तीपुर की छात्रा साक्षी कुमारी सबसे ज्यादा अंक लाकर परीक्षा में शीर्ष पर रहीं। इस वर्ष टॉप 10 में कुल 123 छात्र हैं। यहां तक कि शीर्ष स्थान पर भी 3 छात्र हैं। इनमें समस्तीपुर की साक्षी कुमारी, पश्चिम चंपारण के गहिरी की अंशु कुमारी और भोजपुर के रंजन वर्मा हैं। तीनों ने 489 यानी 97.80 प्रतिशत अंक हासिल किया।

### कारपेंटर की बेटी साक्षी बनी टॉपर



समस्तीपुर जिले के साक्षी शर्मा ने मैट्रिक में पूरे राज्य में टॉप किया। उन्होंने बताया कि यह रोजाना 8-10 घंटे की कड़ी मेहनत का नतीजा है। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के जोगिया गांव की रहने वाली साक्षी ने दो अन्य छात्रों के साथ 489 अंक प्राप्त किए हैं। उनके पिता रामनरेश शर्मा कारपेंटर का काम करते हैं और मां संगीता गृहिणी हैं।

### नीतीश कुमार ने 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को दिया नियुक्ति पत्र

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में आयोजित कार्यक्रम में 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले सहायक उर्दू अनुवादको के मात्र 449 पद थे जो जरूरत के हिसाब से काफी कम थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 में हमारी सरकार ने 1,204 नये पद स्वीकृत किये, और सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या को बढ़ाकर 1,653 कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसी के तहत आज 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है तथा शेष पदों पर बहाली की जा रही है।

# दिल्ली जीते, अब बिहार की बारी

### जहां पूर्वांचल चलता है, वहां से आगे बढ़ता है देश : नड्डा

- **दुनिया के किसी भी कोने में मैथिली, मगही और भोजपुरी बोलने वाले मिल जायेंगे**
- **विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गये हैं, अब बिहार की बारी है। नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि उनके शासनकाल में बिहार जंगलराज में तब्दील हो गया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा आया था कि शाम पांच बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था।

लालू राज ने बिहार को डूबता हुआ बिहार बना दिया था। डॉक्टर, उद्योगपति और अन्य पेशेवर लोग बिहार से पलायन करने लगे थे, लेकिन अब स्थित बदल चुकी है। बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। उन्होंने कहा कि



दुनिया के किसी भी कोने में जायेंगे, तो मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं। उन्होंने कहा कि जहां पूर्वांचल चल पड़ता है, वहां से देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है। बिहार चाणक्य की भूमि रही है, तो महात्मा गांधी और लोकनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे महात्मा गांधी सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं।

उन्होंने दावा किया कि 2005 में बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में सड़क केवल 384 किलोमीटर की थी, लेकिन इस समय एक लाख 12 हजार किमी सड़क बन चुकी है। बिहार में राजमार्ग बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना की सौगात बिहार को दी है। उन्होंने कहा कि लालू से लोग सड़क बनाने की बात करते थे, तो वह कहते थे कि सड़क बन जाएगी तो पुलिस आ जाएगी, ये बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पटना में एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत के गौरवशाली तथा वैभवशाली प्राचीन इतिहास, संस्कृति और सभ्यता को विश्व से परिचित कराने में बिहार की भूमि का योगदान अतुलनीय है। श्री मोदी के मार्गदर्शन में आज बिहार हर क्षेत्र में सशक्त, समृद्ध और सामर्थ्यवान हो रहा है।

राजग सरकार में बिहार की तीव्रगति से हो रही उन्नति यहां के संघर्षशील लोगों के परिश्रम का परिणाम है, इस ध्येय को समर्पित महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए मैं समस्त बिहारवासियों का अभिनंदन करता हूं। इस दौरान बिहार से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया था और प्रदर्शनी लगाई गयी थी। लोगों ने मधुबनी पेटिंग के साथ ही हस्तकला की प्रदर्शनी को खूब सहारा। इसके साथ बिहार का स्वादिष्ट पारंपरिक भोजन लिट्टी चोखा की भी व्यवस्था की गयी थी।

# कटरा और बारामूला के बीच जल्द दौड़ेगी ट्रेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **119 किलोमीटर ट्रैक पर 38 सुरंगें और 931 पुल है**
- **दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे चिनाब ब्रिज**
- **रेल लाइन कश्मीर को जम्मू के साथ पूरे भारत को जोड़ेगा**
- **प्रधानमंत्री मोदी जल्द इस रेल सेवा को दिखायेंगे झंडी**

**नयी दिल्ली।** कटरा-श्रीनगर रेल सेवा जम्मू-कश्मीर और पूरे भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। यह रेल लाइन न केवल यात्रा को सुगम बनाएगी बल्कि आर्थिक और पर्यटन विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

यह परियोजना हिमालय के कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में बनाई गई भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण रेलवे परियोजनाओं में से एक है। इसमें 119 किमी के ट्रैक पर 38 सुरंगें और 931 पुल शामिल हैं। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल–चिनाब ब्रिज (359 मीटर ऊंचा) और भारत का पहला केबल-आधारित रेल पुल–अंजी ब्रिज भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी जल्द इस रेल सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे कटरा से बारामूला तक ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी। इससे केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। कटरा बारामूला रेल लाइन इंडियन रेलवे के लिए अपने आप में एक बहुत बड़ा चैलेंज था और कई कठिनाइयों का सामना करने के बाद कटरा श्रीनगर ट्रेन चलने के लिए रेल मार्ग तैयार हो चुका है जल्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कटरा बारामुला रेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह रेल लाइन कश्मीर को जम्मू के साथ-साथ पूरे भारत के साथ जोड़ रही है, जिससे लाखों लोगों को इसका फायदा होगा जिसमें समय के साथ-साथ यह यात्रा काफी हद तक सम और सस्ती भी साबित होगी भारत सरकार ने वर्ष 1999 में उधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक राष्ट्रीय परियोजना द्वारा कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने की योजना बनाई इस वर्ष 2002 में राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया दुर्ग में हिमालय क्षेत्र में निर्मित होने वाली है अनूठी परियोजना उधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक क्षेत्र में यातायात व्यापार और पर्यटन के व्यापक अवसर उपलब्ध कराकर गेम चैलेंजर साबित होगी। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !